जनवरी 2026 अंक

ई-विज्ञानम

e-Vigyanam

एक अंतर्विषयक मासिक विज्ञान पत्रिका

ISSN: 3139-1796 (Online)



विज्ञान और प्रौद्योगिकी

मुक्ताज्ञानम् प्रकाशन

विज्ञान और नवाचार

खण्ड 1 | अंक 1

अंतर्विषयक, मुक्त ज्ञान को समर्पित





संपादक मंडल

Founder and Editor in Chief (संस्थापक एवं मुख्य संपादक)

डॉ सत्य पाल सिंह (Dr. Satya Pal Singh)

आचार्य, भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, भारत-२७३०१० (Professor, Department of Physics and Material Science, Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur, Uttar Pradesh, India-273010)

संपर्क हेतु पता: ऍम आई जी -२७, गौतम विहार कॉलोनी, राव जिम के पीछे, तारामंडल, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, भारत -२७३०१७

Address for Contact: MIG-27, Gautam Vihar Colony, Behind Rao Gym, Taramandal, Gorakhpur, Uttar Pradesh, India-273010

+91945042250

संस्थान ईमेल (Institute Email): spspms@mmmut.ac.in

सम्पादकीय ईमेल (Editorial Email): satyapal.evigyanam@gmail.com

प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.mmmut.ac.in/FacultyList?ab=1

ResearchGate Link-https://www.researchgate.net/profile/Satya-Singh-46

सदस्य संपादक मंडल (Members of Editorial Board)

डॉ अलोक कुमार श्रीवास्तव (Dr. Alok Kumar Srivastav)

आचार्य, रसायन शास्त्र विभाग महात्मा गाँधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिविल लाइन्स, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, भारत-२७३००१ (Professor, Department of Chemistry, Mahatama Gandhi Postgraduate College, Civil Lines, Gorakhpur, Uttar Pradesh, India-273001)

+91993616176

संस्थान ईमेल (Institute Email): alok.chem@mgpgc.ac.in

सम्पादकीय ईमेल (Editorial Email): alok.evigyanam@gmail.com

प्रोफ़ाइल लिंक-https://mgpgc.ac.in/faculties-of-chemistry/

डॉ आशीष अवस्थी (Dr. Aashees Awasthi)

सह- आचार्य, भौतिकी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत- २२६००७ (Associate Professor, Department of Physics, Lucknow University, Lucknow, Uttar Pradesh, India- 226007)

+919415003753

संस्थान ईमेल (Institute Email): awasthi_asheesh@lkouniv.ac.in

सम्पादकीय ईमेल (Editorial Email): aashees.evigyanam@gmail.com

प्रोफ़ाइल लिंक-https://udrc.lkouniv.ac.in/department/ViewProfile?EId=247

डॉ. चंदन उपाध्याय (Dr. Chandan Upadhyay)

आचार्य, स्कूल ऑफ मैटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बी0एच0यू0 वाराणसी, उत्तर प्रदेश भारत - 221005

(Professor, School of Materials Science and Technology, Indian Institute of Technology BHU Varanasi, Uttar Pradesh, India-221005)

+91 08005304675

संस्थान ईमेल (Institute Email): cupadhyay.mst@iitbhu.ac.in

सम्पादकीय ईमेल (Editorial Email): chandan.evigyanam@gmail.com

प्रोफ़ाइल लिंक- https://www.iitbhu.ac.in/dept/mst/people/cupadhyaymst

डॉ गरिमा सिंह (Dr. Garima Singh)

सहायक आचार्य, मनोविज्ञान विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश,भारत- २७३००९ (Assistant Professor, Department of Pschycology, DDU Gorakhpur University, Gorakhpur, Uttar Pradesh, India-273009)

+917309054463

संस्थान ईमेल (Institute Email): garima.psy@ddugu.ac.in

सम्पादकीय ईमेल (Editorial Email): garima.evigyanam@gmail.com

प्रोफ़ाइल लिंक-https://ddugu.ac.in/teaching-staff.php

डॉ पंकज माथुर (Dr. Pankaj Mathur)

आचार्य, गणित एवं खगोल-विज्ञान, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत- २२६००७ (Professor, Department of Mathematics and Astronomy,Lucknow University, Lucknow, Uttar Pradesh, India- 226007)

+919415785092

संस्थान ईमेल (Institute Email): mathur_p@lkouniv.ac.in

सम्पादकीय ईमेल (Editorial Email): pankaj.evigyanam@gmail.com

प्रोफ़ाइल लिंक-https://udrc.lkouniv.ac.in/department/ViewProfile?EId=210

सम्पादकीय कार्यालय-सम्बद्ध सहयोगी (Editorial Office Associates)

अभिषेक प्रजापति

एम.एससी. (भौतिक विज्ञान)/ M.sc Physics
शोध छात्र- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
(Research Scholar, Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur, U.P., India-273010
+919621320507
abhishek01.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.researchgate.net/profile/Abhishek-Prajapati-14

अभिषेक कुमार सरोज

एम.एससी. (भौतिक विज्ञान)/ M.sc Physics
शोध छात्र- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
Research Scholar, Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur, U.P., India-273010
+917905767907
abhishek02.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.researchgate.net/profile/Abhishek-Kumar-Saroj

हिमांशी यादव

एम.एससी. (भौतिक विज्ञान)/ M.sc Physics
शोध छात्र- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
Research Scholar, Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur, U.P., India-273010
+918303584964
himanshi.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.researchgate.net/profile/Himanshi-Yadav-13

अवनीश मिश्र

एम.एससी. (भौतिक विज्ञान)/ M.sc Physics
शोध छात्र- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
Research Scholar, Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur, U.P., India-273010
+919415147673
avanish.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.researchgate.net/profile/Avanish-Mishra-7

जाह्नवी सिंह

बी लेवल कंप्यूटर कोर्स (समतुल्य ऍम सी ए) नीलिट, गोरखपुर, उ प्र , भारत
B Level Computer Course (Equivalent MCA), NIELIT, Gorakhpur, UP, India
+917607787653
jahanvi.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक

श्वेता अग्रहरि

पी.एचडी (भौतिक विज्ञान)- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
Ph.D (Physics), Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur, U.P., India-273010
+918423275515
shweta.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.researchgate.net/profile/Shweta-Agrahari-3

अर्चना कुमारी सिंह

पी.एचडी (भौतिक विज्ञान)- मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
Ph.D (Physics), Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur, U.P., India-273010
पोस्टडॉक्टोरल शोध: आईआईटी भुवनेश्वर, उड़ीसा, उ०प्र०, भारत
Postdoctoral Research: IIT Bhuvneshwar, Udisa, INDIA
+917388346916
archana.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.researchgate.net/profile/Archana-Singh-86

मनोरमा सिंह

रिटायर्ड लेक्चर (रसायन विज्ञान), बी.आर.डी इंटर कॉलेज, देवरिया, उ०प्र०, भारत-274001
Retd. Lecturer (Chemistry), B.R.D. Inter College, Deoria , U.P., India-274001
+919451708054
manorama.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक

डॉ. श्रीकांत मणि त्रिपाठी

पीएचडी ((गणित))- सनराइज विश्वविद्यालय, अलवर, राजस्थान, उ०प्र०, भारत-301028
PhD (Mathematics)-SunRise University, Alwar, Rajasthan, India-301028
+919389341716
shrikant.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.researchgate.net/profile/Shrikant-Tripathi

डॉ रघुबीर नारायण सिंह

पीएचडी (प्राणि विज्ञान)- दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273009
PhD (Zoology)-Deen Dayal Upadhyay Gorakhpur University, Gorakhpur, U. P., India-273009
+919415856010
raghubir.evigyanam@gmail.com
प्रोफ़ाइल लिंक-https://www.mpm.ac.in/FacultyData/ReumeFaculty_64452326.pdf

सम्पादकीय

हमें ई-विज्ञानम के प्रथम अंक को प्रकाशित कर अपार प्रसन्नता हो रही है। जो उत्साह और प्रेम छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों से प्राप्त हुआ, उसके परिणामस्वरुप हिंदी में विद्वतापूर्ण शोधपरक आलेख प्रकाशित करने की यह योजना फलीभूत हो रही है। संपादक मंडल के सदस्यों और सम्पादकीय कार्य में सहयोगी छात्रों विशेष रूप से अभिषेक, अवनीश और हिमांशी के सक्रिय सहयोग के बिना इस अंक का समय से प्रकाशन संभव नहीं था। हमारे विश्वविद्यालय (मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) के साथ- साथ दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, आई आई टी मुंबई एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के विषय विशेषज्ञों, प्राध्यापकों और आचार्यों ने जनवरी अंक के प्राप्त हुए आलेखों की समीक्षा रिपोर्ट नियत समय से पहले भेजकर प्रारम्भ में हुए विलम्ब की कुछ पूर्ति कर दी। १५ जनवरी २०२६ (मकर संक्रांति) के पुनीत पर्व के दिन से वेबसाइट सक्रिय हुई और आलेख आमंत्रित किये गए थे। छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों की स्नेहपूर्ण सहभागिता उनके हिंदी भाषा के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करती है। शुरू में जो कार्य असंभव लग रहा था, वह आपके सहयोग से संभव होकर आपके अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। ई-विज्ञानम को प्रथम अंक से ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता की मानक समझी जानी वाली क्रॉसरेफ (Crossref) इंडेक्सिंग प्राप्त हो गई है, और इसमें प्रकाशित सभी आलेखों को यूनिक एवं स्थाई DOI (Digital Object Identifier) प्राप्त होगा। ISSN (Online) की इंडेक्सिंग भी शीघ्र प्राप्त होने के आसार हैं। गूगल स्कॉलर इंडेक्सिंग भी शीघ्र प्राप्त हो सकती है। आशा है कि ई-विज्ञानम आने वाले समय में हिंदी भाषा में शोधपरक वैज्ञानिक आलेखों को प्रकाशित करने के लिए किशोर, युवा एवं अन्य वैज्ञानिकों के लिए अच्छा अवसर प्रदान करेगा एवं भविष्य में नए प्रतिमान स्थापित करेगा। सभी सम्बद्ध लेखकों, विशेषज्ञों एवं सहयोगियों के प्रति सादर आभार !

क्रमांक	पृष्ठ संख्या	लेखक	आलेख शीर्षक
1.	1-4	अवनीश मिश्रा	जनवरी माह 2026 की महत्वपूर्ण वैज्ञानिक घटनाएं
2.	5-10	अभिषेक प्रजापति, अभिषेक कुमार सरोज	2025 में विज्ञान के क्षेत्र में हुई महत्त्वपूर्ण घटनाएं
3.	11-16	देवेंद्र नाथ त्रिपाठी	प्रकाश का आण्विक प्रकीर्णन(नोबेल लेक्चर, 11 दिसंबर 1930) रामन प्रभाव: रामन के शब्दों में
4.	17-24	दिनेश कुमार सिंह	वैश्विक पर्यावरणीय परिदृश्य
5.	25-31	रोहित कुमार, अभिषेक प्रजापति	कृषि और चिकित्सा क्षेत्र में सौर कोशिकाओं का महत्व और उपयोग
6.	32-36	स्वाती श्रीवास्तव, आलोक कुमार श्रीवास्तव	मनुष्यों पर एंटीबायोटिक दवाओं का प्रभाव
7.	37-45	प्रियंका सिंह	सौर कोशिकाएँ और उनकी नवीनतम प्रगति: स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक वैज्ञानिक अध्ययन
8.	46-51	प्रतिष्ठा पांडेय, डी.के. द्विवेदी	उच्च संवेदनशील सेंसिंग अनुप्रयोगों के लिए फोटोनिक टाइम क्रिस्टल: एक समालोचनात्मक समीक्षा
9.	52-56	हरीश चंद्र, बीना भट्ट	आर्यभट्ट- महान भारतीय गणितज्ञ और उनके योगदान
10.	57-66	विनय कुमार मिश्र, कंचन शर्मा, राजेश कुमार यादव	कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण: सतत ऊर्जा के लिए सूर्य प्रकाश का उपयोग
11.	67-71	सत्य पाल सिंह	मिशन सर्वाइव २२१७

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

लघु आलेख (Short Article)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.4

जनवरी 2026 की महत्वपूर्ण वैज्ञानिक घटनाएं

अवनीश मिश्रा
भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- avanishmishra7376@gmail.com

आलेख प्राप्त: २९ जनवरी २०२६; अंतिम संशोधन: १८ फरवरी २०२६; स्वीकृत: १८ फरवरी २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: १६ मार्च २०२६

सारांश

प्रस्तुत लेख जनवरी 2026 के दौरान घटित महत्वपूर्ण वैज्ञानिक घटनाओं का एक व्यापक विश्लेषण है। इस माह में सुपर वुल्फ मून, श्क्वाड्रंटिड्स उल्का बौछार और श्वृहस्पति का अपोजिशन जैसी दुर्लभ घटनाओं ने वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया। इन घटनाओं का प्रेक्षण प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों जैसे नासा (NASA), इसरो (ISRO), और ईएसए (ESA) द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक मानकों पर किया गया। यह लेख इन घटनाओं के भौतिक प्रभावोंए उनके पीछे के कक्षीय यांत्रिकी (Orbital Mechanics), और वैश्विक वेधशालाओं द्वारा दर्ज किए गए डेटा का एक व्यवस्थित संकलन प्रस्तुत करता है, जो भविष्य के वैज्ञानिक शोध के लिए एक संदर्भ प्रदान करता है, वर्ष 2026 के प्रथम माह ने ब्रह्मांडीय प्रेक्षण के क्षेत्र में एक नई चेतना जागृत की है। जनवरी माह न केवल सौंदर्य की दृष्टि से बल्कि वैज्ञानिक डेटा के संचय की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। खगोल विज्ञान में ग्रहों की युति और अपोजिशन की स्थिति शोधकर्ताओं को ग्रहों के वायुमंडल और चुंबकीय क्षेत्रों के अध्ययन का दुर्लभ अवसर प्रदान करती है।

सूचक शब्द - अंतरराष्ट्रीय घटनाएँ, खगोलीय घटनाएँ, वैज्ञानिक खोजें, रक्षा और प्रौद्योगिकी, जलवायु और पर्यावरण और चिकित्सा।

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

लघु आलेख (Short Article)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.4

Important Scientific Events of January 2026

Avanish Mishra
Department of Physics and Material Science, Madan Mohan Malaviya University of Technology
Gorakhpur, Uttar Pradesh, India – 273010
Corresponding Author Email*: avanishmishra7376@gmail.com

Received On: 29 January 2026; Final Revision: 18 February; Accepted On: 18 February 2026
Published Online First: 16 March 2026

ABSTRACT

The present article provides a comprehensive analysis of the significant astronomical events that occurred during January 2026. During this month, rare phenomena such as the "Super Wolf Moon," the "Quadrantids Meteor Shower," and "Jupiter at Opposition" attracted global attention. These events were observed and analyzed by major space agencies, including NASA, ISRO, and ESA, under various scientific parameters. This paper systematically compiles the physical impacts of these events, the underlying principles of orbital mechanics, and the data recorded by global observatories, thereby offering a valuable reference for future astronomical research. The first month of 2026 marked a renewed awareness in the field of cosmic observation. January proved to be significant not only from an aesthetic perspective but also in terms of scientific data collection. In astronomy, planetary conjunctions and opposition positions provide researchers with rare opportunities to study planetary atmospheres and magnetic fields in greater detail.

Keywords: International events, Astronomical phenomena, Scientific discoveries, Defense and technology, Climate and environment and Medicine

क्रम संख्या	माह	महत्त्वपूर्ण घटनाएं
1.	जनवरी	1. **सुपर वुल्फ मून और लूनर पेरिगी (3 जनवरी):** जनवरी की शुरुआत सुपर वुल्फ मून से हुई। जब चंद्रमा अपनी अंडाकार कक्षा में पृथ्वी के निकटतम बिंदु (पेरिगी) पर होता है और उसी समय पूर्णिमा होती है तो उसे सुपरमून कहा जाता है। **अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा** के अनुसार इस दौरान चंद्रमा सामान्य से 14% अधिक बड़ा और 30% अधिक चमकदार दिखाई दिया। नासा के लूनर रिकोनिसेंस ऑर्बिटर ने इस अवसर का उपयोग चंद्रमा के टाइडल फोर्स ज्वारीय बल के पृथ्वी पर पड़ने वाले प्रभावों को मापने के लिए किया। 2. **क्वाड्रंटिड्स उल्का बौछार का विश्लेषण (3-4 जनवरी):** क्वाड्रंटिड्स वर्ष की सबसे तीव्र उल्का वर्षा में से एक है। **यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)** के प्रेक्षणों के अनुसार इस वर्ष इसके पीक के दौरान प्रति घंटे लगभग 100 उल्काएं दर्ज की गईं। वैज्ञानिकों ने पाया कि इन उल्काओं का स्रोत क्षुद्रग्रह '2003 EH1' है। ईएसए के मेटियोर नेटवर्क ने इन कणों के वायुमंडलीय घर्षण से उत्पन्न स्पेक्ट्रम का विश्लेषण किया जिससे इनके रासायनिक संघटन का पता चला। 3. **बृहस्पति का अपोजिशन: एक प्रमुख वैज्ञानिक उपलब्धि (10 जनवरी):** महीने की सबसे महत्वपूर्ण घटना बृहस्पति का अपोजिशन रही। इस दिन पृथ्वी, सूर्य और बृहस्पति के बीच में स्थित थी। **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** और **नैनीताल स्थित एरीज (ARIES)** वेधशाला ने इस दौरान बृहस्पति के ग्रेट रेड स्पॉट और उसके चार बड़े चंद्रमाओं (आईओए, यूरोपा, गेनीमेड और कैलिस्टो) के उच्च रिज़ॉल्यूशन चित्र और डेटा प्राप्त किए। इसरो के वैज्ञानिकों के लिए यह डेटा भविष्य के अंतर ग्रहीय मिशनों की योजना बनाने में सहायक सिद्ध होगा। 4. **11 जनवरी:** Pandora, SPARCS, BlackCAT टेलीस्कोप लॉन्च (एक्सोप्लैनेट अध्ययन); Falcon 9 पर। 5. **12 जनवरी:** PSLV-C62 / EOS-N1 लॉन्च (थाईलैंड-UK EO सैटेलाइट + 15 अन्य); विफल, लेकिन स्पेनिश KID कैप्सूल ने सबऑर्बिटल डेटा भेजा। 6. **17 जनवरी:** Ceres-2 रॉकेट मेडन फ्लाइट विफल। 7. **19 जनवरी:** उच्च ऊर्जा कणों का स्पेस वेदर इवेंट; अलार्म थ्रेशोल्ड पार। 8. **ग्रहों का महामिलन (23 जनवरी):** जनवरी के उत्तरार्ध में चंद्रमा, शनि और नेपच्यून की त्रिकोणीय युति देखी गई। **जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA)** ने अपने ऑप्टिकल कैमरों के माध्यम से इन पिंडों के बीच के कोणीय पृथक्करण का सटीक डेटा एकत्र किया। जहाँ शनि नग्न आंखों से स्पष्ट था वहीं नेपच्यून की उपस्थिति ने सुदूर सौर मंडल के ग्रहों के पथ विश्लेषण में वैज्ञानिकों की मदद की। 9. **24 जनवरी:** एईएस एंडीज ने चिली में हाइड्रोजन और अमोनिया उत्पादन के लिए आईएनएनए परियोजना को छोड़ दिया, जिसकी आलोचना पारानल वेधशाला और अत्यंत विशाल दूरबीन में वैज्ञानिक अवलोकनों पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के लिए की गई थी । 10. **27 जनवरी:** एचडी 137010 बी , एक ठंडा पृथ्वी के आकार का पारगमन एक्सोप्लैनेट उम्मीदवार, 146 प्रकाश वर्ष दूर अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र के बाहरी किनारे के पास परिक्रमा कर रहा है , 2017 के केप्लर K2 डेटा में खोजा गया है। 11. **28 जनवरी:** गूगल डीपमाइंड के शोधकर्ताओं ने अल्फाजीनोम पर एक अध्ययन प्रकाशित किया जो एक डीप लर्निंग मॉडल है जो लंबे डीएनए अनुक्रमों से कई नियामक तौर तरीकों में आनुवंशिक वेरिएंट के कार्यात्मक प्रभावों की भविष्यवाणी करता है जिससे जीनोम के गैर कोडिंग क्षेत्रों की व्याख्या में सुधार होता है। 12. **चीनी राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (CNSA):** चीन ने अपने डीप स्पेस नेटवर्क के माध्यम से यह अध्ययन किया कि कैसे **सुपर वुल्फ मून** के दौरान पृथ्वी के वायुमंडल में 'टाइडल हीटिंग' (ज्वारीय ऊष्मन) में सूक्ष्म वृद्धि हुई। यह डेटा उनके भविष्य के चंद्र बेस मिशन (ILRS) के लिए महत्वपूर्ण है। 13. **कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी (CSA):** कनाडा के वैज्ञानिकों ने **क्वाड्रंटिड्स उल्का बौछार** का उपयोग ऊपरी वायुमंडल (Ionosphere) के घनत्व को मापने के लिए किया। जब उल्कापिंड जलते हैं तो वे आयनित कण छोड़ते हैं जो उपग्रह संचार को प्रभावित कर सकते हैं। 14. **रोस्कोस्मोस (रूस):** रूस की विशेष वेधशालाओं ने **बृहस्पति के अपोजिशन** के दौरान उसके चंद्रमा यूरोपा पर बर्फ की परतों से होने वाले परावर्तन (Albedo) का विश्लेषण किया, जिससे वहां पानी की मौजूदगी के संकेतों पर शोध को बल मिला। **रक्षा और प्रौद्योगिकी (Defense & Technology):** 1. **DRDO की सफलता:** भारत के DRDO ने 10 जनवरी 2026 को हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक के लिए सक्रिय रूप से कूल्ड स्क्रैमजेट कंबस्टर का एक लंबा ग्राउंड टेस्ट सफलतापूर्वक किया। 2. **AI नियमन (AI Regulation):** भारत के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने AI शासन को मजबूत करने के लिए एक श्वेत पत्र जारी किया।

		3. **भौतिक AI (Physical AI):** दावोस में आयोजित एक कार्यक्रम में भौतिक दुनिया में कार्य करने वाले रोबोटिक्स (Physical AI) पर चर्चा की गई। **जलवायु और पर्यावरण (Climate & Environment):** 1. **ग्रीनलैंड शोध:** 9 जनवरी को सैकड़ों वैज्ञानिकों ने ग्रीनलैंड पर शोध को लेकर एक पत्र प्रकाशित किया। इस पत्र का मुख्य भाव ग्रीनलैंड की संप्रभुता और वहां चल रहे महत्वपूर्ण जलवायु शोध की रक्षा करना है। वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया है कि ग्रीनलैंड कोई "खरीदी जाने वाली वस्तु" नहीं है, बल्कि वहां के निवासियों का अपने भविष्य पर पूर्ण अधिकार है। 2. **जलवायु परिवर्तन का प्रभाव:** जनवरी 2026 के अंत में अमेरिका में आए भीषण शीतकालीन तूफान में जलवायु परिवर्तन की भूमिका का अध्ययन किया गया। **चिकित्सा और वैज्ञानिक घटनाएँ:** 1. **सस्ती मोटापा दवाएं (GLP-1):** 2026 में कई प्रमुख वजन घटाने वाली दवाओं के पेटेंट समाप्त होने के कारण भारत और चीन जैसे देशों में इनके सस्ते जेनेरिक संस्करण उपलब्ध होने की उम्मीद बढ़ी। 2. **मल्टीपल स्केलेरोसिस अनुसंधान:** पेरिस ब्रेन इंस्टीट्यूट ने एक नए अणु की पहचान की जो न केवल एमएस में न्यूरॉन्स की रक्षा करता है बल्कि तंत्रिका क्षति को भी कम कर सकता है। 3. **कैंसर और जीन थेरेपी:** जनवरी के अंत में प्रोस्टेट कैंसर पर विशेष AACR सम्मेलन और दुर्लभ बीमारियों के लिए FDA द्वारा तेजी से जीन थेरेपी की मंजूरी चर्चा में रही। 4. **ब्रेन हेल्थ और AI:** गहन चिकित्सा (ICU) में बेहोश मरीजों के निदान के लिए नई AI-आधारित प्रणालियों पर शोध सामने आया। 5. **एनेस्थीसिया और दर्द प्रबंधन:** 31 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय एनेस्थीसिया और दर्द चिकित्सा के विश्व दिवस के माध्यम से उन्नत दर्द प्रबंधन तकनीकों पर जोर दिया गया। 6. **वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियां:** अमेरिका में खसरे (Measles) के मामलों में वृद्धि के कारण इसके उन्मूलन की स्थिति खतरे में पड़ गई है जो सतर्कता की आवश्यकता को उजागर करता है। 7. **क्रोनिक किडनी रोग (CKD):** किडनी रोगों की शुरुआती पहचान और रोकथाम के लिए नई रणनीतियां अपनाई जा रही हैं।

निष्कर्ष (Conclusion)

जनवरी 2026 की वैज्ञानिक घटनाओं का यह विश्लेषण यह स्पष्ट करता है कि ब्रह्मांडीय गतिविधियाँ निरंतर और व्यवस्थित हैं। यह लेख न केवल छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए एक अकादमिक आधार प्रदान करता है बल्कि सामान्य पाठकों के लिए भी विज्ञान के प्रति रुचि जगाने का माध्यम है। अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा साझा किया गया यह डेटा उपग्रह संचार, नेविगेशन और भविष्य के अंतरिक्ष अन्वेषणों की सुरक्षा के लिए अपरिहार्य है। यह लेख सभी के लिए उपयोगी है क्योंकि यह वैज्ञानिक जटिलताओं को सरल भाषा में प्रस्तुत कर वैश्विक सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करता है। सुपरमून और उल्का बौछार के दौरान पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और आयनमंडल में होने वाले बदलावों का अध्ययन **उपग्रह संचार (Satellite Communication)** और GPS प्रणालियों को अधिक सटीक बनाने में सहायक होता है। ये घटनाएँ आम जनता और छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करती हैं जो भविष्य के अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए नए वैज्ञानिकों को प्रेरित करती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

1. https://en.wikipedia.org/wiki/2026_in_spaceflight nasa
2. https://en.wikipedia.org/wiki/2026_in_spaceflight
3. https://www.isro.gov.in/Mission_PSLV_C62.html
4. https://en.wikipedia.org/wiki/2026_in_spacefligh
5. https://www.esa.int/Space_Safety/Space_weather/ESA_monitoring_January_2026_space_weather_event
6. https://en.wikipedia.org/wiki/2026_in_spaceflight planetary
7. https://thebulletin.org/2026/01/greenland-belongs-to-its-people-the-us-scientists-speaking-out-against-trumps-imperial-aggression/

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख (General Article)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.3

2025 में विज्ञान के क्षेत्र में हुई महत्त्वपूर्ण घटनाएं

अभिषेक प्रजापति*, अभिषेक कुमार सरोज, अवनीश मिश्रा
भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- ap0858249@gmail.com, apmmmut2108@gmail.com

आलेख प्राप्त: १६ अप्रैल २०२६; स्वीकृत: २२ अप्रैल २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: २५ अप्रैल २०२६

सारांश

साल 2025 विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों का वर्ष रहा है। इस दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता, चिकित्सा विज्ञान तथा अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण प्रगति और खोजें सामने आईं। इन उपलब्धियों ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास को नई दिशा प्रदान की है तथा आधुनिक इतिहास में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वर्ष 2025 की प्रमुख वैज्ञानिक उपलब्धियां शैक्षणिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं, जो समकालीन विज्ञान और नवाचार की तीव्र प्रगति को दर्शाती हैं।

सूचक शब्द: अंतरराष्ट्रीय घटनाएँ, खगोलीय घटनाएँ, वैज्ञानिक खोजें, महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धियाँ

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख (General Article)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.3

Important Events in the Field of Science in 2025

Abhishek Prajapati*, Abhishek Kumar Saroj, Avanish Mishra
Department of Physics and Material Science, Madan Mohan Malaviya University of Technology
Gorakhpur, Uttar Pradesh, India – 273010
Corresponding author Email*: ap0858249@gmail.com, apmmmut2108@gmail.com

Received on: 16 April 2026; Accepted: 22 April 2026
Published Online First on: 25 April 2026

ABSTRACT

The year 2025 has marked significant progress in the field of science, with major breakthroughs in artificial intelligence, medical science, and space exploration. These advancements have not only accelerated technological and scientific development but have also contributed to shaping modern history. The key scientific discoveries of 2025 hold particular importance for academic and competitive examination purposes, reflecting the rapid evolution of contemporary science and innovation.

Keywords: International events, Astrophysical events, Scientific discoveries, Important Scientific achievements

क्रम संख्या	माह	महत्त्वपूर्ण घटनाएं
1.	जनवरी	**क्वांटम विज्ञान वर्ष की शुरुआत** पूरी दुनिया में **Quantum Science & Technology** को बढ़ावा देने के लिए 2025 को विशेष वर्ष घोषित किया गया। इससे सुपर फास्ट कंप्यूटर और सुरक्षित इंटरनेट पर काम तेज हुआ। • **मंगल ग्रह विपरीत दिशा में (जनवरी):** मंगल ग्रह वर्ष की शुरुआत में सबसे निकट और सबसे चमकीला होता है। **प्रमुख खगोलीय घटनाएँ (2025)** • **क्वाड्रेंटिड उल्का वर्षा:** 3-4 जनवरी। **67 वां स्थापना दिवस (2 जनवरी, 2025):** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ मुख्यालय का दौरा किया। **9 जनवरी** – संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया के लिवरमोर में लॉरेंस लिवरमोर राष्ट्रीय प्रयोगशाला में एल कैपिटन सुपरकंप्यूटर को आधिकारिक तौर पर समर्पित किया गया। **29 जनवरी** - यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने घोषणा की कि उसने क्षुद्रग्रह 2024 वाईआर की निगरानी शुरू कर दी है, जिसके उस समय 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी से टकराने की 77 में 1 (1.3%) संभावना थी।
2.	फरवरी	**AI से दवा खोज में मदद** Artificial Intelligence की मदद से **नई दवाइयाँ जल्दी खोजने** में सफलता मिली। कैंसर और दुर्लभ बीमारियों के इलाज में मदद। • **एयरो इंडिया 2025 (12 फरवरी, 2025):** डीआरडीओ ने कई स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। **7 फरवरी -** शोधकर्ताओं ने नमक के दाने से भी छोटा एक एआई चिप विकसित किया है, जिसे ऑप्टिकल फाइबर के सिरे पर लगाया जा सकता है और यह बहुत कम ऊर्जा के साथ प्रकाश की गति से छवियों को डिकोड करने के लिए "डिफ्रेक्टिव न्यूरल नेटवर्क" का उपयोग करता है। यह सफलता कुशल चिकित्सा इमेजिंग और क्वांटम संचार प्रौद्योगिकियों में प्रगति का वादा करती है। **24 फरवरी -** नासा ने औपचारिक रूप से घोषणा की है कि क्षुद्रग्रह 2024 YR अब 2032 और उसके बाद पृथ्वी के लिए "कोई महत्वपूर्ण खतरा" नहीं है, क्योंकि इसके टकराने की संभावना 59000 में 1 (0.0017%) तक कम हो गई है। इसका मतलब है कि 2028 में पृथ्वी के निकट से गुजरने के दौरान इस वस्तु को रोकने और मोड़ने के लिए किसी ग्रह रक्षा मिशन की आवश्यकता नहीं होगी।
3.	मार्च	**जलवायु परिवर्तन पर नई खोज** वैज्ञानिकों ने बताया कि **डार्क एनर्जी** (जो ब्रह्मांड को फैलाती है) की ताकत कम हो सकती है। ब्रह्मांड के सिद्धांत बदल सकते हैं। • **पूर्ण चंद्र ग्रहण (मार्च और सितंबर):** 2025 में दो पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई दिये । **प्रमुख खगोलीय घटनाएँ (2025)** • **पूर्ण चंद्र ग्रहण:** 13-14 मार्च। • **आंशिक सूर्य ग्रहण:** 29 मार्च (30-40% क्षेत्र) । **11 मार्च** • हमारे सूर्य से मात्र 5.96 प्रकाश वर्ष दूर स्थित सबसे निकटतम एकाकी तारे, बर्नार्ड तारे के चारों ओर तीन नए चट्टानी एक्सोप्लैनेट जो आकार में पृथ्वी से छोटे हैं, का पता लगाया गया है। बर्नार्ड बी, एक संभावित ग्रह जिसकी पहले अवलोकन से संभावना जताई गई थी, की भी पुष्टि हो गई है, जिससे तारे के चारों ओर ज्ञात ग्रहों की कुल संख्या चार हो गई है।

		20 मार्च • पृथ्वी से 13.4 बिलियन प्रकाश-वर्ष दूर स्थित सबसे दूर की पुष्ट आकाशगंगा, JADES-GS-z14-0 में ऑक्सीजन की खोज की गई।
4.	**अप्रैल**	**परमाणु की साफ तस्वीर** MIT वैज्ञानिकों ने पहली बार **परमाणु के अंदर की क्रिया की तस्वीर** ली। भौतिकी (Physics) में बड़ी उपलब्धि। • **लूसी मिशन (अप्रैल):** लूसी अंतरिक्ष यान ने क्षुद्रग्रह 52246 डोनाल्डजोहानसन के पास से गुजरते हुए अपनी यात्रा जारी रखी। **लंबी दूरी का ग्लाइड बम (एलआरजीबी) "गौरव" (8-10 अप्रैल, 2025):** 1,000 किलोग्राम वर्ग के स्मार्ट ग्लाइड बम के सफल परीक्षण किए गए जिसमें उच्च सटीकता के साथ 100 किलोमीटर की रेंज का प्रदर्शन किया गया। • **लेजर हथियार विकास (13 अप्रैल, 2025):** लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) के नवीनतम संस्करण एमके-आईआईए (जिसे सहस्र शक्तिनाम दिया गया है), का 30 किलोवाट शक्ति उत्पादन के साथ सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। **1 अप्रैल** – स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर सवार होकर फ्रेम 2 लॉन्च हुआ , जो ध्रुवीय प्रतिगामी कक्षा में प्रवेश करने वाली पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान बन गई, यानी पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से उड़ान भरने वाली। **17 अप्रैल** – 124 प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक संभावित जल ग्रह K2-18b के वायुमंडल में डाइमिथाइल सल्फाइड और डाइमिथाइल डाइसल्फाइड की बड़ी मात्रा पाई गई – ये दो यौगिक पृथ्वी पर केवल जीवन द्वारा ही उत्पन्न होते हैं। इस खोज को, हालांकि आगे और प्रमाण की आवश्यकता है, " सौर मंडल से परे जैविक गतिविधि के लिए अब तक का सबसे मजबूत प्रमाण" बताया गया है ।
5.	**मई**	**पहला सफल मानव मूत्राशय प्रत्यारोपण** (अंग प्रत्यारोपण विज्ञान में क्रांति।), डॉक्टरों ने इंसान में **ब्लैडर टूंसप्लांट** सफलतापूर्वक किया। **PSLV-C61/EOS-09 मिशन:** • 18 मई, 2025, पृथ्वी अवलोकन उपग्रह। • **ब्रह्मोस मिसाइल उत्पादन यूनिट का शुभारंभ — लखनऊ** उत्तर प्रदेश के रक्षा औद्योगिक कोरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई का उद्घाटन किया गया, जिससे भारत की रक्षा क्षमता में वृद्धि होगी। **16 मई** – जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का उपयोग करके खोजी गई MoM-z14 को अब तक खोजी गई सबसे दूर की आकाशगंगा के रूप में पुष्टि की गई है, जिसका रेडशिफ्ट 14.44 है, जो बिग बैंग के 280 मिलियन वर्षों के भीतर इसके निर्माण को दर्शाता है । **29 मई** - एचआईवी को छुपाने वाली श्वेत रक्त कोशिकाओं में एमआरएनए की पहली डिलीवरी का प्रदर्शन किया गया, जिसमें एलएनपी एक्स नामक विशेष रूप से तैयार किए गए नैनोकणों का उपयोग किया गया। एमआरएनए कोशिकाओं को छिपे हुए वायरस को प्रकट करने का निर्देश देता है।
6.	**जून**	**सूर्य के दक्षिणी ध्रुव की तस्वीर** Solar Orbiter ने सूर्य के ऐसे हिस्से की फोटो ली जो पहले कभी नहीं देखे गए थे। सौर तूफान समझने में मदद। • **G7 शिखर सम्मेलन (16–17 जून, कनाडा)** दुनिया के 7 प्रमुख देशों के नेताओं ने वैश्विक अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। • **NATO शिखर सम्मेलन (24–25 जून, नीदरलैंड्स)** यूक्रेन युद्ध, रक्षा खर्च और सदस्य देशों की सुरक्षा रणनीति मुख्य मुद्दे रहे। **11 जून** – यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के सोलर ऑर्बिटर द्वारा सूर्य के दक्षिणी ध्रुव का पहला दृश्य प्रकट किया गया । **23 जून** – वेरा सी. रुबिन वेधशाला ने अपने पहले प्रकाश से प्राप्त छवियों को जारी किया , जिसमें कन्या क्लस्टर , ट्रिफिड और लैगून नीहारिकाएँ और लगभग 2,000 क्षुद्रग्रहों की खोज शामिल है ।

7.	**जुलाई**	**अंतरिक्ष से आया तीसरा बाहरी पिंड** एक Interstellar Object (3I/ATLAS) हमारे सौरमंडल से गुजरा, यह सौरमंडल के बाहर से आया था। **1 जुलाई** • मीथेनसैट की बिजली खत्म हो गई है, जिससे पिछले महीने संपर्क टूटने के बाद इसे "पुनर्प्राप्त करना संभव नहीं" है। • हमारे सौर मंडल में प्रवेश करने वाली तीसरी पुष्ट अंतरतारकीय वस्तु , 3I/ATLAS , की खोज एस्टेरॉयड टेरेस्ट्रियल-इम्पैक्ट लास्ट अलर्ट सिस्टम (ATLAS) द्वारा की गई है। **14 जुलाई** • खगोलविदों ने 2023 KQ के विवरण प्रकाशित किए, जिसे अनौपचारिक रूप से अमोनाइट उपनाम दिया गया है, एक सेडनॉइड जिसकी घोषणा अप्रैल 2025 में की गई थी। **जीएसएलवी-एफ16/एनआईएसएआर मिशन:** 30 जुलाई, 2025, नासा के साथ एक संयुक्त पृथ्वी-इमेजिंग मिशन।
8.	**अगस्त**	**सबसे लंबा गामा-रे विस्फोट** अब तक का सबसे शक्तिशाली और लंबा Gamma Ray Burst रिकॉर्ड हुआ। ब्लैक होल और तारे के अध्ययन में मदद। **7 अगस्त** • ओपनएआई ने चैटजीपीटी का नया और उन्नत संस्करण जीपीटी 5 जारी किया है , जिसमें " पीएचडी -स्तर की बुद्धिमत्ता" है। • नासा ने अल्फा सेंटौरी की परिक्रमा करने वाले काल्पनिक अल्फा सेंटौरी एबी एक गैस विशालकाय ग्रह के अब तक के सबसे मजबूत सबूतों की रिपोर्ट दी है । **पर्सिड उल्का वर्षा (12-13 अगस्त):** यह वर्ष की सबसे लोकप्रिय उल्का वर्षाओं में से एक है, जो प्रति घंटे उच्च दर के साथ चरम पर पहुंचती है। **राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025:** समारोह 23 अगस्त, 2025 को आयोजित हुई।
9.	**सितंबर**	**मंगल ग्रह पर जीवन के संकेत** NASA के Rover को मंगल पर प्राचीन सूक्ष्म जीवों के संकेत मिले। मंगल पर जीवन की संभावना मजबूत हुई। **अग्नि-प्राइम मिसाइल का प्रक्षेपण (24 सितंबर, 2025):** एक नए रेल-आधारित मोबाइल लॉन्चर सिस्टम से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया गया। **2 सितंबर** • नासा के वैज्ञानिक निकोलस हेंज को एरिज़ोना के सेडोना में एक असामान्य बेसाल्ट चट्टान मिली, जो मंगल ग्रह के नमूनों से मिलती जुलती है, संभवतः प्राचीन ज्वालामुखी उत्पत्ति का संकेत देती है **9 सितंबर** • फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक चिप विकसित की है जो प्रमुख एआई कार्यों के लिए बिजली को प्रकाश से बदल देती है। सिलिकॉन पर उत्कीर्ण सूक्ष्म लेंसों का उपयोग करके, यह बहुत कम ऊर्जा और लगभग पूर्ण सटीकता के साथ लेजर संचालित गणना करता है। **10 सितंबर** – नासा ने मंगल ग्रह पर विवियानाइट और ग्रेइगाइट की खोज की घोषणा की ।
10.	**अक्टूबर**	**नोबेल पुरस्कार (विज्ञान)** • चिकित्सा: इम्यून सिस्टम रिसर्च • भौतिकी: क्वांटम टनलिंग • मानव स्वास्थ्य और क्वांटम विज्ञान में बड़ी खोजें। **नोबेल पुरस्कार 2025 की सूची (6-13 अक्टूबर)** • **शांति (Peace):** मारिया कोरिना मचाडो - वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए संघर्ष। • **साहित्य (Literature):** लास्ज़लो क्रास्ज़नाहोरकाई - उनकी दूरदर्शी साहित्यिक रचनाओं के लिए। • **भौतिकी (Physics):** जॉन क्लार्क, मिशेल एच. डेवोरेट, जॉन एम. मार्टिनिस - इलेक्ट्रिकल सर्किट में मैक्रोस्कोपिक क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग की खोज। • **रसायन विज्ञान (Chemistry):** सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉबसन, उमर एम. याघी - मेटल.ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क (MOFs) के विकास के लिए।

		• **चिकित्सा (Physiology or Medicine):** मैरी ई. ब्रुनकोव, फ्रेड रैम्सडेल, शिमोन साकागुची - परिधीय प्रतिरक्षा सहिष्णुता पर खोज। • **अर्थशास्त्र (Economic Sciences):** जोएल मोकिर, फिलिप एगियन, पीटर हॉविट - नवाचार-संचालित आर्थिक विकास के लिए **विश्व अंतरिक्ष सप्ताह:** 4-10 अक्टूबर, 2025, जिसका विषय है "अंतरिक्ष में जीवन"। **प्रमुख खगोलीय घटनाएँ (2025)** • **सुपरमून:** 7 अक्टूबर, 5 नवंबर और 4 दिसंबर को दिखाई दिये, जो पहले से बड़े और चमकीले थे । • **ओरियोनिड्स उल्का वर्षा (21 अक्टूबर):** प्रति घंटे 20 से अधिक उल्काओं के उत्पादन के लिए जानी जाती है। भौतिकी के क्षेत्र में 2025 का नोबेल पुरस्कार मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025 को **सुबह 11:45 बजे (सेंट्रल स्टैंडर्ड टाइम)** घोषित किया गया। यह घोषणा स्वीडन के स्टॉकहोम स्थित रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा की जाएगी। यह हर साल अक्टूबर के शुरुआती महीनों में होने वाली नोबेल पुरस्कार घोषणाओं का एक हिस्सा है। **12 अक्टूबर** - हेलसिंकी में आयोजित एक ग्रह विज्ञान सम्मेलन में, ऑस्ट्रियाई विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने बताया कि आकाशगंगा में निकटतम तकनीकी सभ्यता लगभग 33,000 प्रकाश-वर्ष दूर हो सकती है। उनके मॉडलिंग से पता चलता है कि ऐसी सभ्यताओं को मानवता के साथ समय में मेल खाने के लिए कम से कम 280,000 वर्षों तक टिके रहने की आवश्यकता होगी।
11.	**नवंबर**	**सैटर्न के चंद्रमा पर जीवन के रसायन** Enceladus चंद्रमा से जीवन से जुड़े रसायन मिले। पृथ्वी के बाहर जीवन की खोज तेज। • **एलवीएम3-एम5/सीएमएस-03 मिशन:** 2 नवंबर, 2025, एक वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण। **प्रमुख खगोलीय घटनाएँ (2025)** • **27 नवंबर** – नासा के ओसिरिस.आरईएक्स मिशन से प्राप्त नमूनों के विश्लेषण के बाद, प्रोटीन के जैवसंश्लेषण में प्रयुक्त अमीनो अम्ल ट्रिप्टोफैन की उपस्थिति की पुष्टि क्षुद्रग्रह बेन्नू पर हुई।
12.	**दिसंबर**	• **धूमकेतु 3I/ATLAS (दिसंबर):** यह 19 दिसंबर, 2025 को पृथ्वी के सबसे करीब से गुजरेगा और भोर से पहले आकाश में सिंह राशि के पास दिखाई देगा। • **जेमिनिड उल्का वर्षा (13-14 दिसंबर):** बृहस्पति के निकट दिखाई देने वाली, प्रति घंटे 120 तक उल्काओं के साथ एक शक्तिशाली प्रदर्शन होने की उम्मीद है। • नासा द्वारा ब्लू ओरिजिन के आंशिक रूप से पुन **13 नवंबर** प्रयोज्य न्यू ग्लेन रॉकेट का उपयोग करके एस्केपेड मिशन लॉन्च किया गया। ब्लू और *गोल्ड* के नाम से जाने वाले दो अंतरिक्ष यान 2026 में मंगल ग्रह पर पहुंचने वाले हैं । • **LVM3-M6/ब्लूबर्ड ब्लॉक-2:** 24 दिसंबर, 2025, उच्च-थ्रूपुट संचार उपग्रह प्रक्षेपण। **प्रमुख खगोलीय घटनाएँ (2025)** • **जेमिनिड उल्का वर्षा:** 13-14 दिसंबर। • **31 दिसंबर** – ब्रिटेन की कंपनी स्पेस फोर्ज ने अंतरिक्ष आधारित विनिर्माण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जब उसने एक कक्षीय सूक्ष्म कारखाने में 1,000 डिग्री सेल्सियस तापमान वाले भट्टे का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। यह प्रणाली सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में अर्धचालक सामग्री के उत्पादन के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसके बारे में कंपनी का दावा है कि यह पृथ्वी पर निर्मित सामग्री की तुलना में 4,000 गुना अधिक शुद्ध हो सकती है। **प्रमुख मिसाइल परीक्षण और हथियार प्रणाली तैनाती** • **प्रलय मिसाइल का सामूहिक प्रक्षेपण (31 दिसंबर, 2025):** डीआरडीओ ने ओडिशा के तट से दूर एक ही लॉन्चर से*दो प्रलय* अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइलों का सफल सामूहिक प्रक्षेपण किया, जो उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

		• **उच्च गति रॉकेट-स्लेड परीक्षण (2 दिसंबर, 2025):** 800 किमी/घंटा की गति पर लड़ाकू विमान बचाव प्रणाली का एक सफल परीक्षण किया गया। • **उद्योग संपर्क कार्यक्रम (1 दिसंबर, 2025):** डीआरडीओ भवन में आयोजित, जिसमें नई प्रौद्योगिकी नीति 2025 पर ध्यान केंद्रित किया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

1. https://www.isro.gov.in/ISRO_HINDI/Press.html
2. https://www.nasa.gov/events/
3. https://drdo.gov.in/drdo/en/documents/drdo-in-news
4. https://www.euttaranchal.com/tourism/astronomical-calendar-in-india.php
5. https://www.nobelprize.org/prizes/physics/2025/summary/
6. https://www.nobelprize.org/all-nobel-prizes-2025/
7. https://en.wikipedia.org/wiki/2025_in_science

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

विशेष आलेख (FEATURED ARTICLE)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.2

प्रकाश का आण्विक प्रकीर्णन
(नोबेल लेक्चर, ११ दिसंबर १९३०)
रामन प्रभाव: रामन के शब्दों में

देवेंद्र नाथ त्रिपाठी
नेशनल पी० जी० कालेज बड़हलगंज गोरखपुर
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- dntripathi.gkp@gmail.com

आलेख प्राप्त: ०३ फरवरी २०२६; अंतिम संशोधन: १८ फरवरी २०२६; स्वीकृत: १८ फरवरी २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: १६ मार्च २०२६

सारांश

अपने व्याख्यान में प्रो० रामन ने बताया कि जब एकवर्णी प्रकाश किसी पारदर्शी माध्यम से गुजरता है तो प्रकीर्णित प्रकाश का एक हिस्सा अपनी तरंगदैर्ध्य बदल लेता है। यह परिवर्तन पदार्थ की आंतरिक आण्विक संरचना और कम्पन अवस्थाओं से सम्बन्धित होता है। प्रकाश का प्रकीर्णन केवल प्रकाश की प्रकृति पर नहीं बल्कि उस पदार्थ की प्रकृति पर भी निर्भर करता है जिससे वह गुजरता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रकाश के प्रकीर्णन के दौरान ऊर्जा में परिवर्तन (फोटान और परमाणुओं की अंतः क्रिया) के कारण रंग में बदलाव देखा गया। यह खोज भौतिकी में नये क्वाण्टम सिद्धान्तों के लिए महत्वपूर्ण थी। रमन प्रभाव ने पदार्थ की संरचना के अध्ययन के लिए एक शक्तिशाली तकनीक प्रदान की जो भौतिकी, रसयन विज्ञान और पदार्थ विज्ञान में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। इसी खोज के लिए सी वी रामन को १९३० में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया।

सूचक शब्द - प्रकीर्णन, एक्स-किरण, आण्विक, काम्प्टन प्रभाव, विध्रुवीकरण, स्पेक्ट्रोस्कोपीय

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

विशेष आलेख (FEATURED ARTICLE)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.2

Molecular Scattering of Light

(Nobel Lecture, December 11, 1930)

The Raman Effect: In the Words of Raman

Devendra Nath Tripathi
National P.G. College, Barhalganj, Gorakhpur
Corresponding Author Email*: dntripathi.gkp@gmail.com

Received on: 03 February 2026; Final Revision: 18 February 2026; Accepted: 18 February 2026
Published Online First on: 16 March 2026

ABSTRACT

In his lecture, **C. V. Raman** explained that when monochromatic light passes through a transparent medium, a portion of the scattered light undergoes a change in wavelength. This change is related to the internal molecular structure and vibrational states of the substance. The scattering of light depends not only on the nature of light itself but also on the properties of the material through which it passes. He further described that during the scattering process, changes in energy-resulting from interactions between photons and atoms-lead to observable shifts in colour. This discovery played a significant role in the development of modern quantum theories. The Raman effect provided a powerful technique for studying the structure of matter and proved highly valuable in physics, chemistry, and materials science. For this groundbreaking discovery, C. V. Raman was awarded the Nobel Prize in Physics in 1930.

Keywords: Scattering, X-rays, Molecular structure, Compton effect, Polarization, Spectroscopy

लेखक परिचय

देवेंद्र नाथ त्रिपाठी

डॉ. डी० एन० त्रिपाठी का जन्म सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी तहसील में ०१.०२.१९५६ को जन्म हुआ। डॉ. त्रिपाठी की उच्च शिक्षा गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्ण हुई। वर्ष १९७७ में एम०एस०सी० (भौतिकी) व वर्ष १९८१ में पीएच. डी. उपाधि प्राप्त की। शोध कार्य के लिए CSIR की जूनियर व सीनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त की। १६ जुलाई १९८१ से बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर में असिस्टैन्ट प्रोफेसर के रूप में कार्य प्रारम्भ। १६ जुलाई १९९४ से एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त हुए । १३ दिसम्बर २००५ तक यहां सेवा करने के पश्चात् डी० ए० वी० पी० जी० कालेज गोरखपुर में स्थानान्तरित हुए। उ०प्र० उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से चयनित होकर नेशनल पी. जी. कालेज बड़हलगंज गोरखपुर में अक्टूबर २०१० से प्राचार्य एवं प्रोफेसर के पद पर सेवा प्रदान किया एवं ३० जून २०१८ को सेवानिवृत्त हुए। अपने सेवा के प्रारंभिक वर्षों में विश्वविद्यालय अनुदान अयोग द्वारा अनुदानित चार शोध परियोजनाएं पूर्ण की। विजिटिंग एसोसिएट (यू० जी. सी० द्वारा अनुदानित) के रूप में तीन वर्षों तक विभिन्न विश्वविद्यालय/संस्थानों में शोध सम्बन्धी कार्य किया। कुल ८ शोध पत्र विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जर्नल्स में प्रकाशित है। भौतिकी के सभी शाखाओं पर लिखित लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित की है। अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठीयों में सहभागिता किया है। आपने हिंदी भाषा में विज्ञान लेखन एवं अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है ।

समुद्र का रंग

विज्ञान के इतिहास में हम प्रायः पाते हैं, कि किसी प्राकृतिक घटना के अध्ययन से ज्ञान की किसी नई शाखा का सूत्रपात होता है। इसका ज्वलंत उदाहरण मिलता है, आकाश के रंग में जिसने अनेक विद्वानों को प्रकाशीय अन्वेषण की प्रेरणा प्रदान की और लार्ड रैले ने प्रस्तुत की उसकी व्याख्या, जिसकी बाद में प्रेक्षणों में पुष्टि हुई। इस भाषण के विषय का आरम्भ यहीं से होता है। आकाश के रंग से भी आकर्षक है पानी का रंग, यद्यपि सब लोग उससे इतने परिचित नहीं हैं, जितने आकाश के रंग से। १९२१ के ग्रीष्म में यूरोप की यात्रा ने मुझे भूमध्यसागर के जल के विलक्षण दूधियापन ने विचित्र नीले रंग के अवलोकन का प्रथम अवसर प्रदान किया। मुझे यह असंभव प्रतीत नहीं हुआ कि जल के इस नीले दूधियापन का कारण जल के अणुओ द्वारा सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन हो। अपनी व्याख्या के परीक्षण के लिए यह वांछनीय था कि द्रवों में प्रकाश के विसरण के नियमों की खोज की जाय। अतः सितम्बर १९२१ में कलकत्ता वापस आने के तुरन्त बाद इस सम्बन्ध में अनुसंधान आरम्भ कर दिये गये। शीघ्र ही यह स्पष्ट हो गया कि इस विषय का प्रसार, उस उद्देश्य विशेष से जिससे प्रयोग आरम्भ किये गये थे कहीं अधिक है; वह कहीं अधिक महत्वपूर्ण है और उसमें शोध करने के असीमित अवसर हैं। हमें यह विश्वास होने लगा कि प्रकाश प्रकीर्णन का अध्ययन हमें भौतिकी और रसायन शास्त्र के गूढ़तम रहस्यों तक ले जा सकता है। और उसके बाद हमारे इसी विश्वास ने इस विषय को हमारे शोध का मुख्य ध्येय बना दिया।

उतार चढ़ाव का सिद्धांत: थ्योरी ऑफ़ फ्लक्चुएशन्स

कुछ महीनों के शोध कार्य के पश्चात यह स्पष्ट हो गया कि आण्विक प्रकीर्णन एक सामान्य घटना है जिसका अध्ययन केवल गैसों और वाष्पों में ही नहीं अपितु द्रवों, मणिभों और अमणिभीय पदार्थो में भी किया जा सकता है। यह एक ऐसा प्रभाव है जो मुख्य रूप से माध्यम में होने वाली आण्विक अव्यवस्था और परिणामस्वरूप उसके प्रकाशीय घनत्व में होने वाले उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होता है। अमणिभीय ठोसों को छोड़कर इस प्रकार की आण्विक अव्यवस्था का श्रेय कदाचित ऊष्मीय प्रक्षोभ को दिया जा सकता है और प्रयोग इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए प्रतीत होते हैं। यह तथ्य कि अणु प्रकाशीय रूप से विषमदैशिक होते हैं और द्रवों में मुक्त रूप से अभिविन्यासित हो सकते हैं, एक अतिरिक्त प्रकार के प्रकीर्णन को जन्म देता पाया गया। लगभग विध्रुवित होने के फलस्वरूप घनत्व के उतार चढ़ाव के कारण उत्पन्न प्रकीर्णन से यह एकदम भिन्न था। घनत्व के उतार चढ़ाव के कारण उत्पन्न प्रकीर्णन अनुप्रस्थ दिशा में पूर्ण रूप से ध्रुवित होता है। इस सम्पूर्ण विषय पर बहुत बारीकी से अध्ययन किया गया और उनके परिणाम फरवरी १९२२ में कलकत्ता विश्वविद्यालय प्रेस से प्रकाशित एक निबंध में प्रस्तुत किये गये। इस बारे में जो विभिन्न समस्यायें सामने आई, उनको हल करने मे मेरे योग्य सहयोगियों ने बहुत सहायता की। यहां उन विभिन्न खोजों में से कुछ का जो १९२२ से १९२७ तक कलकत्ता स्थित प्रयोगशाला में की गई संक्षिप्त विवरण देना युक्ति संगत होगा। **रामनाथन** ने विभिन्न तापों और दाबों पर द्रवों में प्रकाश के प्रकीर्णन का अध्ययन किया। उन अध्ययनों के परिणामों से उतार चढ़ाव के सिद्धान्तों को समर्थन प्राप्त हुआ। उनके निष्कर्षों ने उन महत्वपूर्ण परिवर्तनों को भी दर्शाया जो वाष्पों और द्रवों के ध्रुवण में ताप के घटने बढ़ने के साथ होते हैं। **कामेश्वर राव** ने द्रव मिश्रणों पर अध्ययन किया और इस प्रकार की प्रणालियों मे घनत्व संरचना और आण्विक विन्यास में होने वाली समकालिक उतार चढ़ाव की उपस्थिति के बारे में प्रकाशीय प्रमाण प्रस्तुत किया। **श्रीवास्तव** ने मणिभों में प्रकाश प्रकीर्णन में ताप के फलस्वरूप घनत्व के घटने बढ़ने के और ताप वृद्धि के साथ उसमें आने वाली वृद्धि के संदर्भ में अध्ययन किया। **रामदास** ने द्रवों की सतह पर तापीय प्रक्षोभ के फलस्वरूप उत्पन्न प्रकाशीय प्रकीर्णन का अध्ययन किया पृष्ठ तनाव और पृष्ठ दुग्धिलता के बीच सम्बन्ध स्थापित किया। उन्होंने क्रान्तिक ताप पर पृष्ठ दुग्धिलता से आयतन दुग्धिलता में परिवर्तन का भी पता लगाया। **सोगानी** ने द्रवों में एक्स किरणों के विवर्तन का अध्ययन किया जिससे उन्हें उनके प्रकाशीय व्यवहार से सम्बद्ध किया जा सके और उतार चढ़ाव सिद्धांत के एक्स किरण विवर्तन में उपयोग किये जाने की सम्भावना का पता लगाया जा सके।

अणुओं की विषमदैशिकता

जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि द्रवों से प्रकीर्णित प्रकाश की ध्रुवण अवस्था अणुओं की प्रकाशीय विषयदैशिकता से सम्बन्धित है। कलकत्ता की प्रयोगशाला में १९२२ से १९२७ तक की अवधि में किये गये अधिकांश प्रयोगों का उद्देश्य इस गुण से सम्बद्ध जानकारी प्राप्त करना और उसे विभिन्न प्रकाशीय घटनाओं से सम्बद्ध करना था। **कृष्णन** ने अनेक द्रवों का अध्ययन किया और अपने निष्कर्षों में स्पष्ट रूप से यह दर्शाया कि अणुओं की प्रकाशीय विषमदैयिकता उनकी रासायनिक संरचना पर निर्भर होती है। **रामकृष्ण राव** ने बहुत सी गैसों और वाष्पों में प्रकाशीय प्रकीर्णन के विध्रुवण का अध्ययन किया और इस विषय के विकास के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। **वेकटेश्वरन** ने जलीय घोलों में प्रकाशीय प्रकीर्णन का अध्ययन किया और उन पर विद्युत अपघटनी वियोजन का प्रभाव देखा। विभिन्न तापों पर उच्च ध्रुवीय पदार्थो की जांच की। अध्ययनों में उन्होंने द्रवों में प्रकीर्णित प्रकाश का आण्विक आकार और आण्विक संगुणन के प्रभाव की खोज की। द्रवों पर किये गये अध्ययनों के अवलोकनों की व्याख्या का सम्बन्ध सघन माध्यमों में प्रकाश प्रकीर्णन के आण्विक सिद्धान्त के विकास से है। इस बारे में मैंने **रामनाथन** और **कृष्णन** ने अध्ययन किया है। एक संशोधित दुग्धिलता सिद्धान्त विकसित किया गया जो आइंस्टीन के सिद्धान्त से भिन्न था। लेकिन वह अवलोकित तथ्यों के अधिक निकट था। कृष्णन और मैंने इस बारे में अनेक शोध निष्कर्ष प्रकाशित किया और देखा कि प्रकाश प्रकीर्णन से प्राप्त अणुओं की प्रकाशीय विषमदैयिकता तरलों के परावैद्युत और प्रकाशीय गुणों को तथा उनके द्वारा प्रदर्शित किये जाने वाले वैद्युत चुम्बकीय और यांत्रिक द्विअपवर्तन की किस प्रकार व्याख्या करती है। इन निष्कर्षों ने तरलों में अवलोकित विषमदैशिकता तथा ठोस पदार्थो द्वारा मणिभीय अवस्था में प्रदर्शित प्रकाशीय वैद्युत और चुंबकीय विषमदैशिकता के बीच सम्बन्ध स्थापित कर दिया है।

एक नई घटना

उपर्युक्त निष्कर्ष मुख्य रूप से प्रकाश के चिरसम्मत विद्युत चुम्बकीय सिद्धान्त द्वारा समर्थित है। इस सिद्धान्त का उपयोग प्रकाश प्रकीर्णन की उन समस्याओं से सम्बद्ध है जिनका सम्बन्ध रैले और आइंस्टीन से है। इसके बाद भी प्रकीर्णन में प्रकाश की कणिका प्रकृति के योग की सम्भावना को नजरअंदाज नहीं किया गया। वास्तव में इस तथ्य पर फरवरी १९२२ के निबन्ध में विस्तार से विचार किया गया था। यह निबन्ध काम्प्टन की एक्स किरण प्रकीर्णन की जगत प्रसिद्ध खोजों से कम से कम एक वर्ष पूर्व प्रकाशित हो चुका था। यद्यपि हमारे प्रयोग मोटे तौर से प्रकाश के विद्युत चुम्बकीय सिद्धान्त का समर्थन करते हुए प्रतीत होते हैं पर खोज की आरंभिक अवस्था में ही एक ऐसी परिघटना के, जो इस चिर सम्मत सिद्धान्त की सीमा से बाहर है, प्रमाण मिल गये थे। पारदर्शी तरलों में प्रकाश का प्रकीर्णन अत्यन्त क्षीण होता है। वास्तव में यह अविरल माध्यम में आमतौर से अवलोकित टिन्डल प्रभाव से कहीं अधिक क्षीण होता है। प्रयोगों में यह पाया गया कि रैले आइंस्टीन प्रकार के आण्विक प्रकीर्णन से सम्बद्ध एक और पर क्षीणतर किस्म का द्वितीयक विकिरण होता है जिसकी तीव्रता चिरसम्मत प्रकीर्णन से कई सौ गुना कम होती है, और वह उस प्रकीर्णन से इस बात में भिन्न होता है कि उसका तरंग दैर्ध्य उतना नहीं होता जितना प्राथमिक अथवा आपतित विकिरण का। इस घटना का सर्वप्रथम अवलोकन अप्रैल १९२३ में **रामनाथन** ने किया। उन्होंने इसका अवलोकन उस समय किया जब वे यह समझने का प्रयास कर रहे थे कि कुछ द्रवों (जल, ईथर, मेथिल और एथिल एल्कोहल) में प्रकीर्णित प्रकाश का विध्रुविकरण आपतित विकिरण के तरंग दैर्ध्य के साथ क्यों बदलता है। **रामनाथन** ने पाया कि द्रव के रासायनिक रूप से अत्यधिक शोधन और निर्वात में मंद आसवन करने के बाद नये विकिरण की तीव्रता यथावत् बनी रहती है। इससे प्रमाणित होता है कि यह अध्ययन किये गये पदार्थ का स्वाभाविक गुण है। यह किसी प्रतिदीप्त अपद्रव्य के कारण उत्पन्न नहीं होता। **कृष्णन** ने १९२४ में अन्य अनेक द्रवों में इस प्रकार के प्रभाव को अध्ययन किया। साथ ही स्वयं मैंने बर्फ और प्रकाशीय कांच में कुछ इसी प्रकार के संदेहास्पद गुण को स्वयं देखा

काम्प्टन प्रभाव का प्रकाशीय अनुरूप

यह स्वाभाविक था कि भ्रमकारी घटनाएं हमें आकर्षित करतीं और हम इसके पैदा होने के कारणों का अध्ययन करते। १९२५ की गर्मियों में **वेंकटेश्वरन** ने रंगीन स्क्रीनों में से छनकर आने वाले सूर्य के प्रकाश का उपयोग करके द्रवों में से प्रकीर्णित प्रकाश के वर्णक्रम का फोटोग्राफ लेकर इस घटना के उद्गम का अध्ययन करने का प्रयास किया। परन्तु उन्हें कोई उत्साहजनक परिणाम नहीं मिला। रामकृष्ण राव ने १९२६ और १९२७ में प्रकीर्णित प्रकाश के विध्रुवीकरण के अपने अध्ययनों के दौरान गैसों और वाष्पों में इसी प्रकार की घटना का अवलोकन करने का प्रयत्न किया। पर उन्हें भी सफलता नहीं मिली। बाद में कृष्णन ने इस समस्या पर शोध करना आरम्भ किया। उनके अध्ययन चल ही रहे थे कि एक भिन्न स्रोत से उक्त परिघटना की वास्तविक प्रकृति का प्रथम आभास मिला। इस समय एक समस्या जिसने हमारा ध्यान आकर्षित किया वह थी उच्च श्यानता के कार्बनिक द्रवों में जो कांचीय अवस्था में बदल सकते थे, प्रकाश प्रकीर्णन का तरीका। **वेंकटेश्वरन** ने इस समस्या पर शोध किया था और पाया था कि अत्यन्त शुद्ध ग्लिसरीन में प्रकीर्णित होने वाले सूर्य के प्रकाश का रंग नीले की बजाय चटकीला हरा था। यह परिघटना उसी किस्म की प्रतीत होती थी जैसी **रामनाथन** ने पानी और एल्कोहलों में पायी थी परन्तु इसकी तीव्रता कहीं अधिक थी और इसलिए इसका आसानी से अध्ययन किया जा सकता था। इस शोध को आगे बढ़ाने में समय बिल्कुल नष्ट नहीं किया गया। परीक्षण फिल्टरों के साथ जो सौर वर्णक्रम के थोड़े से भाग को पारित करते थे किये गये। क्रम से आपतित प्रकाश के मार्ग में रख कर कई परिक्षण किये गए। इन परीक्षणों में पाया गया कि प्रत्येक बार प्रकीर्णित प्रकाश का रंग आपतित प्रकाश से भिन्न होता है, और वह लाल रंग की ओर विस्थापित हो जाता है। विकिरणें बहुत ध्रुवित भी थीं। इन तथ्यों से इस परिघटना के आनुभविक (इम्पीरिकल) गुणों और काम्प्टन प्रभाव के बीच एक स्पष्ट अनुरूपता झलकती थी। काम्प्टन के शोध कार्यों से यह स्पष्ट हो गया था कि प्रकीर्णन के दौरान विकिरण की तरंगदैर्ध्य घट जाती है। ग्लिसरीन पर किये गये प्रयोगों से प्राप्त परिणामों ने मेरे मस्तिष्क में यह विचार उत्पन्न किया कि वह परिघटना जिसने १९२३ से ही हमें उलझाया हुआ था वास्तव में काम्प्टन प्रभाव का अनुरूप ही है। इस विचार ने हमें अन्य पदार्थों के साथ प्रयोग करने के लिये प्रेरित किया।

सोलर सेल में इलेक्ट्रॉन-होल बनने की प्रक्रिया प्रकाश-विद्युत प्रभाव पर आधारित होती है। सोलर सेल सामान्यतः सिलिकॉन जैसे अर्धचालक पदार्थ से बना होता है, जिसमें P-टाइप और N-टाइप परतें मिलकर p-n जंक्शन बनाती हैं। जब सूर्य का प्रकाश सोलर सेल पर पड़ता है, तो उसके फोटॉन अर्धचालक पदार्थ द्वारा अवशोषित हो जाते हैं। फोटॉन की ऊर्जा के कारण संयोजक कक्षा के इलेक्ट्रॉन उत्तेजित होकर चालक कक्षा में पहुँच जाते हैं, जिससे एक मुक्त इलेक्ट्रॉन और एक होल का निर्माण होता है। p-n जंक्शन पर उपस्थित आंतरिक विद्युत क्षेत्र इलेक्ट्रॉनों को N क्षेत्र की ओर और होल को P-क्षेत्र की ओर खींचता है, जिससे दोनों का पृथक्करण हो जाता है। जब सोलर सेल को बाहरी परिपथ से जोड़ा जाता है, तो इलेक्ट्रॉन बाहरी तार के माध्यम से प्रवाहित होते हैं और विद्युत धारा उत्पन्न होती है। इस प्रकार सूर्य के प्रकाश से उत्पन्न इलेक्ट्रॉन-होल युग्म विद्युत ऊर्जा के उत्पादन में सहायक होते हैं, जो सोलर सेल के कार्य करने का मूल सिद्धांत है।

विश्व में सौर ऊर्जा उत्पादन की वृद्धि

सारणी 1 विश्व में सौर ऊर्जा की वृद्धि एवं सारणी 2 भारत में सौर ऊर्जा की वृद्धि को दर्शाया गया है।

सारणी 1: विश्व में सौर ऊर्जा उत्पादन की वृद्धि

वर्ष	वैश्विक सौर क्षमता (लगभग)	वार्षिक वृद्धि	टिप्पणी
2020	~760 GW	—	सौर ऊर्जा का तेज विस्तार शुरू
2022	~1,180 GW (1.18 TW)	+55%	बड़े पैमाने पर नई स्थापना
2024	~2,250 GW (2.25 TW)	लगभग दोगुनी	रिकॉर्ड स्तर की वृद्धि
2025*	~2,600+ GW (अनुमानित)	निरंतर वृद्धि	तेजी से विस्तार जारी

भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन की वृद्धि

सारणी 2: भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन की वृद्धि

वर्ष	भारत की सौर क्षमता (लगभग)	वृद्धि	टिप्पणी
2014	2.8 GW	—	प्रारंभिक चरण
2018	22 GW	~8 गुना	सरकारी योजनाओं का प्रभाव
2022	63 GW	तेज वृद्धि	बड़े सोलर पार्क विकसित
2024	100 GW	महत्वपूर्ण उपलब्धि	वैश्विक शीर्ष देशों में स्थान
2025*	~130 GW	~30–35% वृद्धि	तेजी से विस्तार जारी

कृषि क्षेत्र में सौर सेल का उपयोग

भारत जैसे कृषि प्रधान देश में खेती का सीधा संबंध मौसम, पानी और बिजली से होता है। यदि इन तीनों में से कोई एक भी समय पर उपलब्ध न हो, तो फसल पर बुरा प्रभाव पड़ता है। सौर ऊर्जा किसानों के लिए एक सहायक शक्ति बनकर सामने आई है, जो उनकी कई समस्याओं का समाधान कर रही है (7,8)। चित्र 2

1. सौर ऊर्जा से चलने वाली सिंचाई व्यवस्था

खेती में पानी का सबसे अधिक महत्व होता है। परंतु कई गाँवों में बिजली की कमी के कारण किसान अपने खेतों में समय पर पानी नहीं पहुँचा पाते। पहले किसान डीज़ल पंपों का उपयोग करते थे, जो महंगे होने के साथ-साथ प्रदूषण भी फैलाते थे। अब सौर ऊर्जा से चलने वाले पानी के पंप उपलब्ध हैं। ये पंप सौर पैनलों से मिलने वाली बिजली से चलते हैं और खेतों तक पानी पहुँचाते हैं। इससे किसानों को ईंधन पर खर्च नहीं करना पड़ता और वे दिन के समय आसानी से सिंचाई कर सकते हैं (1,7)।

2. ग्रीनहाउस खेती में सौर ऊर्जा का उपयोग

कुछ फसलें ऐसी होती हैं, जिन्हें विशेष तापमान और वातावरण की आवश्यकता होती है। इसके लिए ग्रीनहाउस बनाए जाते हैं। इन ग्रीनहाउस में पंखे, लाइट और तापमान नियंत्रक लगाए जाते हैं, जिन्हें बिजली की जरूरत होती है। सौर पैनलों की मदद से यह सारी व्यवस्था चलाई जा सकती है। इससे लागत कम होती है और किसान पूरे साल फसल उगा सकते हैं। इससे उनकी आमदनी भी बढ़ती है (3,8)।

3. सौर ड्रायर द्वारा फसलों को सुखाना

कटाई के बाद कई बार फल, सब्ज़ियाँ और अनाज ठीक से न सुखाने पर खराब हो जाते हैं। पारंपरिक तरीकों में फसल को खुले में धूप में सुखाया जाता है, जहाँ धूल और कीटों से नुकसान होने की संभावना रहती है। सौर ड्रायर एक बंद और साफ व्यवस्था होती है, जिसमें गर्म हवा के जरिए फसलों को सुखाया जाता है। इससे फसल की गुणवत्ता बनी रहती है और किसान उन्हें अच्छे दाम पर बेच सकते हैं (7,8)।

4. सौर ऊर्जा आधारित कोल्ड स्टोरेज

कई बार किसान अपनी फसल तुरंत बाजार में नहीं बेच पाते। अगर भंडारण की सुविधा न हो, तो फसल खराब हो जाती है। सौर ऊर्जा से चलने वाले कोल्ड स्टोरेज में फल और सब्ज़ियों को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे किसान सही समय पर और अच्छे दाम पर अपनी उपज बेच सकते हैं (1,3)।

5. खेतों में रोशनी और बिजली की सुविधा

सौर लाइटों की मदद से खेतों और गोदामों में रोशनी की व्यवस्था की जा सकती है। इससे रात के समय भी काम करना आसान हो जाता है और चोरी या जानवरों से फसल की सुरक्षा होती है (1,8)।

6. आधुनिक कृषि उपकरण

आजकल कुछ छोटे कृषि उपकरण भी सौर ऊर्जा से चलने लगे हैं, जैसे स्प्रे मशीन और बीज बोने वाली मशीनें। इससे किसानों को ईंधन पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और उनका खर्च कम होता है (6,8)।

चिकित्सा क्षेत्र में सौर सेल का उपयोग

स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बिजली उतनी ही जरूरी है, जितनी दवाएँ और डॉक्टर। बिना बिजली के न तो सही इलाज हो सकता है और न ही जरूरी उपकरण चल सकते हैं। ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। ऐसे स्थानों पर सौर ऊर्जा जीवन रक्षक साबित हो रही है (2,9)।

1. ग्रामीण अस्पतालों और क्लीनिकों में बिजली

सौर पैनल लगाकर छोटे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में लाइट, पंखे, कंप्यूटर और जरूरी मशीनें चलाई जा सकती हैं। इससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल पाता है और डॉक्टर भी अपना काम ठीक से कर पाते हैं (2,9)।

2. टीकों और दवाओं का सुरक्षित भंडारण

टीकों को एक निश्चित तापमान पर रखना बहुत जरूरी होता है। अगर बिजली चली जाए तो वे खराब हो सकते हैं। सौर ऊर्जा से चलने वाले फ्रिज और फ्रीज़र इस समस्या का समाधान करते हैं। इससे दूरदराज़ क्षेत्रों में भी टीकाकरण कार्यक्रम सफल हो पाते हैं (2,9)।

3. चिकित्सा उपकरणों का संचालन

कई जरूरी मशीनें जैसे अल्ट्रासाउंड, स्टेरिलाइज़र और मॉनिटरिंग सिस्टम बिजली से चलते हैं। सौर ऊर्जा की मदद से ये उपकरण उन जगहों पर भी उपयोग में लाए जा सकते हैं, जहाँ सामान्य बिजली नहीं पहुँचती (2,5)।

4. आपदा के समय सहायता

बाढ़, भूकंप या तूफान जैसी आपदाओं में बिजली व्यवस्था सबसे पहले प्रभावित होती है। ऐसे समय में पोर्टेबल सौर सिस्टम फील्ड अस्पतालों और राहत शिविरों में बहुत मददगार साबित होते हैं (2,9)।

5. टेलीमेडिसिन की सुविधा

सौर ऊर्जा की मदद से कंप्यूटर और इंटरनेट चलाकर ग्रामीण मरीज शहरों के बड़े डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं। इससे इलाज में समय और पैसा दोनों की बचत होती है (2,9)।

सौर ऊर्जा के लाभ

सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचाती। इससे हवा और पानी प्रदूषित नहीं होते (3,6)। यह लंबे समय में सस्ती भी साबित होती है, क्योंकि एक बार पैनल लगाने के बाद बिजली मुफ्त मिलती है (1,4)। इसके अलावा यह लोगों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाती है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ बिजली की सुविधा कम है (3,8)।

चित्र 2: कृषि क्षेत्र में सोलर सेल का उपयोग (यह चित्र इंटरनेट स्रोतों से बनाया गया है।)

विश्व और भारत में सौर ऊर्जा क्षमता की वृद्धि (2020–2025)

ग्राफ से स्पष्ट होता है कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अत्यंत तेज वृद्धि हुई है। इससे निम्नलिखित निष्कर्ष निकलते हैं: चित्र 3

1. **तेजी से विकास-** भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो रहा है।
2. **ऊर्जा आत्मनिर्भरता-** सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग से पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम हो रही
3. **आर्थिक लाभ-** सौर परियोजनाओं से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और बिजली की लागत घट रही है।
4. **ग्रामीण विकास-** सौर ऊर्जा ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में बिजली उपलब्ध कराने में मदद कर रही है।



चित्र 3: सौर ऊर्जा उत्पादन में वैश्विक एवं भारतीय वृद्धि का ग्राफ (यह चित्र संदर्भ संख्या [10] से लिया गया है)

सीमाएँ और चुनौतियाँ

हालाँकि सौर ऊर्जा बहुत उपयोगी है, लेकिन इसकी कुछ सीमाएँ भी हैं। सबसे बड़ी समस्या इसकी शुरुआती लागत है। सौर पैनल और बैटरी लगवाने में एक बार में काफी पैसा खर्च करना पड़ता है (1,4)।

इसके अलावा, यह पूरी तरह सूर्य पर निर्भर होती है। रात में या बादल वाले मौसम में बिजली कम बनती है, इसलिए बैटरी की जरूरत पड़ती है (4,5)। कुछ जगहों पर लोगों को इसके रखरखाव की सही जानकारी नहीं होती जिससे सिस्टम ठीक से काम नहीं कर पाता (6,8)।

भविष्य की संभावनाएँ

आने वाले समय में सौर तकनीक और भी सस्ती और प्रभावी होने की उम्मीद है। वैज्ञानिक नई तरह की बैटरियाँ और बेहतर पैनल विकसित कर रहे हैं, जिससे बिजली संग्रह करना आसान हो जाएगा (3,5,6)।

कृषि में स्मार्ट तकनीक और स्वचालित मशीनें सौर ऊर्जा के साथ मिलकर खेती को और भी आधुनिक बना देंगी (7,8)। चिकित्सा क्षेत्र में छोटे और पोर्टेबल सौर उपकरणों से दूरदराज़ इलाकों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँच सकेंगी (2,9)।

निष्कर्ष

सौर सेल आज के समय में कृषि और चिकित्सा दोनों क्षेत्रों के लिए एक वरदान साबित हो रही हैं। किसानों को इससे सिंचाई, भंडारण और बिजली की सुविधा मिल रही है, जिससे उनकी मेहनत का सही फल मिल पाता है। वहीं, चिकित्सा क्षेत्र में यह तकनीक जीवन रक्षक सेवाओं को दूरदराज़ इलाकों तक पहुँचाने में मदद कर रही है (1-3,9)।

हालाँकि कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं, लेकिन सरकार और वैज्ञानिकों के प्रयासों से इनका समाधान धीरे-धीरे किया जा रहा है। इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि सौर ऊर्जा न केवल वर्तमान की जरूरत है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की कुंजी भी है (6,12)।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

1. **Ministry of New and Renewable Energy (MNRE) – Solar Research & Off-Grid Info** MNRE Solar Research & Development – https://mnre.gov.in/en/solar-research-development/ MNRE Solar Off-Grid/Decentralised Programme, https://mnre.gov.in/en/solar-off-grid/ MNRE Official Homepage: https://mnre.gov.in/en/
2. World Health Organization (WHO). Access to Modern Energy Services for Health Facilities in Resource-Limited Settings, https://iris.who.int/server/api/core/bitstreams/8c6742ae-7a07-4370-a418-dfcd2ca6ab48/content
3. **IRENA – Solar Pumping for Irrigation (PDF)** IRENA report publication, https://www.irena.org/publications/2016/Jun/Solar-Pumping-for-Irrigation-Improving-livelihoods-and-sustainability
4. National Renewable Energy Laboratory (NREL), USA. Solar Energy Basics and Its Applications, https://docs.nrel.gov/docs/fy24osti/89244.pdf
5. Kalogirou, S. A. Solar Energy Engineering: Processes and Systems. Academic Press, https://shop.elsevier.com/books/solar-energy-engineering/kalogirou/978-0-323-99350-0
6. Kaygusuz K. Renewable Energy: Power for a Sustainable Future. *Energy Exploration & Exploitation*. 2001;19(6):603-626, doi:10.1260/0144598011492723
7. **FAO – Solar Energy in Irrigated Agriculture,** Full FAO report on solar irrigation, https://www.fao.org/3/cb8459en/cb8459en.pdf
8. Indian Council of Agricultural Research (ICAR). Renewable Energy Technologies for Sustainable Agriculture, https://icar.org.in/en
9. United Nations Children's Fund (UNICEF). Solar Energy for Health Centers and Vaccine Cold Chains, https://extranet.who.int/prequal/sites/default/files/document_files/Introducing%20solar-powered%20vaccine%20refrigerator%20and%20freezer%20systems.pdf
10. Kumar K, Varshney L, Ambikapathy A, Saket RK, Mekhilef S. Solar tracker transcript—A review. Int Trans Electr Energ Syst. 2021;31(12):e13250, doi:10.1002/2050-7038.13250

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख (General Article)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.8

मनुष्यों पर एंटीबायोटिक दवाओं का प्रभाव

स्वाती श्रीवास्तव*, आलोक कुमार श्रीवास्तव
रसायन विज्ञान विभाग, महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, भारत- 273001
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- swati211120@gmail.com

आलेख प्राप्त: ०८ फरवरी २०२६; अंतिम संशोधन: १४ फरवरी २०२६; स्वीकृत: १६ फरवरी २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: १८ मार्च २०२६

सारांश

आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में एंटीबायोटिक्स का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है और ये जीवाणु संक्रमणों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन इनका बार-बार और अनुचित उपयोग गंभीर चिंता का विषय है। इस लेख का उद्देश्य एंटीबायोटिक्स के बार-बार उपयोग से मानव शरीर पर होने वाले दीर्घकालिक और अल्पकालिक प्रभावों पर प्रकाश डालना है। इस अध्ययन में एंटीबायोटिक उपयोग से संबंधित वैज्ञानिक मापदंड, प्रमुख मत, नैदानिक प्रयोगशाला डेटा और प्रायोगिक अध्ययन भी शामिल हैं। निष्कर्ष यह दर्शाता है कि एंटीबायोटिक्स का उपयोग महत्वपूर्ण है, लेकिन इनका बार-बार उपयोग हमारे शरीर को कई तरह से प्रभावित कर सकता है। सिप्रोफ्लोक्सासिन, एज़िथ्रोमाइसिन और एमोक्सिसिलिन जैसी आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली एंटीबायोटिक्स का अधिक उपयोग स्वास्थ्य के लिए उच्च जोखिम पैदा करता है। यह लेख उचित खुराक के उपयोग और रोगियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी प्रस्तुत करता है, जो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से उबरने और भविष्य में एंटीबायोटिक्स के उपयोग की गारंटी देने में सहायक हो सकता है।

सूचक शब्द . एंटीबायोटिक्स, जीवाणु संक्रमण, मानव स्वास्थ्य, सिप्रोफ्लोक्सासिन, एज़िथ्रोमाइसिन और एमोक्सिसिलिन

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख (General Article)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.8

Effect of Antibiotics on Human

Swati Srivastava*, Alok Kumar Srivastava
Department of Chemistry, Mahatma Gandhi P.G. College, Gorakhpur, Uttar Pradesh, India – 273001
Corresponding Author Email*- swati211120@gmail.com

Received on: 08 February 2026; Final Revision: 14 February 2026; Accepted: 16 February 2026
Published Online First on: 18 March 2026

ABSTRACT

In modern medical practises antibiotics are widely used drugs and they play an imp role to cure bacterial infections. But the again and again and improper use results in major concern. The aim of this article is to focuses on their long term and short-term effect on human body by the frequent use of antibiotics. In this study scientific parameters, Major opinions, clinical lab data and experimental studies are also present which is linked to antibiotic uses. The insights represents that antibiotics use is crucial but their repeated use can affect our body in many ways. Commonly used antibiotics like ciprofloxacin, azithromycin and amoxicillin are came with high health risk when overused. This article also shows appropriate dosage use and awareness program for patients which could be beneficial for people to overcome with health-related problems and give future guarantee of antibiotics.

Keywords: Antibiotics, Bacterial infection, Human health, Ciprofloxacin, Azithromycin, Amoxicillin

1. भूमिका

एंटीबायोटिक्स रासायनिक रूप से सक्रिय पदार्थ होते हैं और इनका उपयोग मुख्य रूप से जीवाणुओं के कारण होने वाले संक्रमणों को ठीक करने के लिए किया जाता है। ये जीवाणुओं की कोशिका भित्ति को नष्ट करके या उनके प्रोटीन संश्लेषण को रोककर उन्हें प्रजनन करने से रोकते हैं। १९२८ में प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने पेनिसिलिन की खोज की और इसके बाद चिकित्सा विज्ञान में एक नया मोड़ आयाए जिससे मृत्यु दर में कमी आई। आजकल एंटीबायोटिक्स का उपयोग गंभीर से गंभीर और मामूली से मामूली संक्रमणों के इलाज के लिए किया जाता हैए जिसके परिणामस्वरूप ये दुनिया भर में डॉक्टरों द्वारा सबसे अधिक निर्धारित दवा बन गई हैं। कई लाभों के बावजूदए लोग एंटीबायोटिक्स का दुरुपयोग करते हैं क्योंकि वे डॉक्टर की सलाह के बिना इनका सेवन करते हैं, जिससे उनके शरीर को नुकसान हो सकता है और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव दिखाई दे सकते हैं। यह समस्या मुख्य रूप से अविक्षित देशों में होती है क्योंकि लोग इनके उपयोग और खुराक के बारे में जागरूक नहीं होते हैं। वहीं, कई लोग सर्दी या फ्लू होने पर एंटीबायोटिक्स ले लेते हैं, ऐसी स्थिति में ये एंटीबायोटिक्स बेकार हो जाती हैं। परिणामस्वरूप, यह मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है।[1,2]

इस लेख का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन पर एंटीबायोटिक दवाओं के गुणों का निर्धारण और अवलोकन करना है, और इस प्रकार स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर जोर देना है। यह लेख इस बात पर जागरूकता पैदा करता है कि लंबे समय तक गलत तरीके से सेवन करने पर एंटीबायोटिक दवाएं हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को कैसे प्रभावित करती हैं। यह हमारे दैनिक जीवन में एंटीबायोटिक दवाओं के महत्व को भी दर्शाता है। एंटीबायोटिक दवाओं पर पहले के अध्ययनों में इनके सकारात्मक और दुष्प्रभाव दोनों ही अच्छी तरह से प्रलेखित रूप में सामने आए हैं। कई शोध लेखों से पता चलता है कि एंटीबायोटिक दवाएं आंत में असंतुलन पैदा कर सकती हैं और उसके कार्य को बाधित कर सकती हैं, जिससे माइक्रोबायोटा ठीक से काम नहीं कर पाता है, जिसके परिणामस्वरूप रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। कुछ लेख यह भी बताते हैं कि इनके दीर्घकालिक उपयोग से एंटीबायोटिक प्रतिरोध (अर्थात् एंटीबायोटिक का दवाओं पर असर न होना) हो सकता है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार एक वैश्विक खतरा है। [3] वैज्ञानिक प्रमाणों की बढ़ती संख्या और अद्यतन नैदानिक दिशानिर्देश बताते हैं कि कई सामान्य जीवाणु संक्रमणों के प्रबंधन के लिए एंटीबायोटिक उपचार की कम अवधि, आमतौर पर 3 से 5 दिन, पर्याप्त और प्रभावी होती है। सरल मूत्र पथ संक्रमण, हल्के से मध्यम सामुदायिक-जनित निमोनिया, तीव्र जीवाणु साइनसाइटिस और कुछ त्वचा और कोमल ऊतक संक्रमण जैसी स्थितियों में, कम अवधि के एंटीबायोटिक उपचार से लंबे समय तक उपचार की तुलना में समान नैदानिक सफलता दर देखी गई है। कम अवधि के एंटीबायोटिक उपचार के कई लाभ हैं, जिनमें दवा के प्रतिकूल प्रभावों का कम जोखिम, सामान्य आंत माइक्रोबायोटा में कम व्यवधान और रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित होने की कम संभावना शामिल है। एंटीबायोटिक के अत्यधिक या लंबे समय तक उपयोग से जीवाणु आबादी पर चयनात्मक दबाव बढ़ता है, जिससे प्रतिरोधी उपभेदों का उदय होता है, जो एक गंभीर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय है।

इसके अलावाए कुछ एंटीबायोटिक्स शरीर के विशिष्ट अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं, जैसे कि गुर्दे या तंत्रिकाओं को नुकसान। नैदानिक परीक्षण रिपोर्ट बताती है कि एंटीबायोटिक्स से एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है, जो त्वचा पर चकत्ते से लेकर शरीर में हानिकारक और अचानक होने वाली प्रतिक्रियाओं तक हो सकती है। लंबे समय तक एंटीबायोटिक्स के उपयोग से चयापचय में गड़बड़ी, विटामिन की कमी और दीर्घकालिक रोगों का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि यह प्रभाव हर व्यक्ति में नहीं देखा जाता है, लेकिन एंटीबायोटिक्स के उपयोग से बढ़ती जटिलताएं समाज के लिए एक आवश्यक चेतावनी को उजागर करती हैं। नैदानिक आंकड़ों और वर्तमान साहित्य अध्ययन के आधार पर, यह लेख संक्षेप में बताता है कि एंटीबायोटिक दवाएं मानव स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करती हैं। एंटीबायोटिक्स एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, और इनका उपयोग केवल डॉक्टर की देखरेख में ही किया जाना चाहिए ताकि हम दीर्घकालिक विकारों से बच सकें।[4]

2. मुख्य भाग्य

***2.1* हमारे दैनिक जीवन में एंटीबायोटिक्स की भूमिका -** डॉक्टर रोज़ाना की चिकित्सा प्रक्रियाओं में एज़िथ्रोमाइसिन, डॉक्सीसाइक्लिन, एमोक्सिसिलिन और सिप्रोफ्लोक्सासिन इत्यादि जैसी एंटीबायोटिक्स लिखते हैं। इन दवाओं का उपयोग मूत्र मार्ग, श्वसन प्रणाली और त्वचा संबंधी समस्याओं में जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए किया जाता है। इनकी त्वरित क्रिया से तुरंत आराम मिलता है, जिससे इन एंटीबायोटिक दवाओं के बार-बार और अधिक उपयोग की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, ये दवाएं न केवल हानिकारक जीवाणुओं को मारती हैं या उन्हें बढ़ने से रोकती हैं, बल्कि ये हमारे शरीर में मौजूद उपयोगी सूक्ष्मजीवों, विशेष रूप से आंत में मौजूद लाभकारी जीवाणुओं को भी नष्ट कर सकती हैं। इस असंतुलन से पाचन तंत्र में गड़बड़ी, दस्त और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ सकती है। चित्र-१ में यह दिखाया गया है कि एंटीबायोटिक्स हानिकारक जीवाणुओं के साथ-साथ लाभकारी आंतरिक सूक्ष्मजीवों को भी प्रभावित करती हैं। [5]



चित्र 1: मानव स्वास्थ्य पर एंटीबायोटिक दवाओं के प्रभाव

***2.2* एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग से भविष्य में होने वाले जोखिम -** एंटीबायोटिक दवाओं के लंबे समय तक उपयोग का एक प्रमुख कारण एंटीबायोटिक प्रतिरोध (Antibiotic Resistance) है,

चित्र-२ में यह दर्शाया गया है कि एंटीबायोटिक्स के अत्यधिक या अनुचित उपयोग से मानव शरीर में एंटीबायोटिक प्रतिरोध विकसित हो जाता है। चित्र-३ में दृश्यात्मक रूप से उन प्रमुख कारणों को दर्शाया गया है, जिनके फलस्वरूप एंटीबायोटिक प्रतिरोध विकसित होता है। जिसमें बैक्टीरिया इस तरह विकसित हो जाते हैं जैसे उन्हें इन दवाओं से कोई नुकसान नहीं होता। इसलिएए इस प्रतिरोध को ठीक करना मुश्किल हो जाता है और परिणामस्वरूप, उच्च खुराक वाली दवा की आवश्यकता होती है। लंबे समय तक सेवन से लीवर और किडनी को नुकसान, हार्मोन में असंतुलन और एलर्जी की प्रतिक्रिया बढ़ने की संभावना होती है। कई वैज्ञानिकों के अनुसारए बचपन में एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग या इनके संपर्क में आना प्रतिरक्षा प्रणाली के विकास को प्रभावित करता है और अस्थमा की संभावना को बढ़ाता है।[6]

2.3 कुछ एंटीबायोटिक्स और उनसे जुड़े जोखिम



चित्र 2: एंटीबायोटिक प्रतिरोध के विकास को दर्शाने वाला योजनाबद्ध निरूपण



चित्र 3: कारण जिनके परिणामस्वरूप एंटीबायोटिक प्रतिरोध उत्पन्न होता है

एंटीबायोटिक	सामान्य उपयोग	दीर्घकालिक जोखिम कारण
एज़िथ्रोमाइसिन	श्वसन संबंधी समस्या	हृदय क्षतिए पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएँ और मांसपेशियों की कमजोरी [7]
लेवोफ्लॉक्सासिन	निमोनिया	जोड़ों का दर्दए लीवर में समस्या, त्वचा संबंधी और नसों से संबंधित प्रभाव [8]
रिफैम्पिसिन	क्षय रोग (टीबी)	यकृत में विषाक्तताए थ्रोम्बोसाइटोपेनिया, बुखार और सांस लेने में तकलीफ [9]
सेफिक्सीम	टाइफॉयड	बैक्टीरियल प्रतिरोध, दस्त, पेट दर्द, एलर्जिक रिएक्शन और मतली [10]
एमोक्सिसिलिन	श्वसन संबंधी समस्या	आंतों का संक्रमण, एलर्जिक रिएक्शन और पाचन तंत्र में समस्या [11]
जेंटामाइसिन	मूत्र मार्ग	गुर्दे को क्षति, किडनी पर असर, कान पर असर और मांसपेशियों पर प्रभाव [12]
डॉक्सीसाइक्लिन	मुंहासे	दाँतों के रंग में परिवर्तन, किडनी और कान पर विषाक्त प्रभाव [13]
वैनकोमाइसिन	मेथिसिलिन-प्रतिरोधी	कान को क्षति और नेफ्रोटॉक्सिसिटी (किडनी पर असर)[14]
सिप्रोफ्लॉक्सासिन	मूत्र मार्ग	तंत्रिका क्षति, उल्टी, दस्त और चक्कर [15]
लाइनज़ोलिड	रक्त संक्रमण	एनीमिया, यकृत व गुर्दा संबंधी समस्याएं [16]
क्लिंडामाइसिन	त्वचा संक्रमण	दस्तए पेट दर्द, उल्टी, थकान और आंतों के माइक्रोबायोम में असंतुलन [17]
मेट्रोनिडाज़ोल	एनेरोबिक संक्रमण	मस्तिष्क की तंत्रिकाओं को क्षति, तेज़ बुखार और दांत का नुकसान [18]

तालिका १: कुछ एंटीबायोटिक दवाओं का मानव जीवन पर प्रभाव तथा कुछ सामान्य रूप से उपयोग की जाने वाली एंटीबायोटिक्स तथा उनसे जुड़े संभावित जोखिमों को दर्शाया गया है, जबकि चित्र ४, ५ एवं ६ में कुछ सामान्य एंटीबायोटिक दवाओं की रासायनिक संरचनाएँ प्रदर्शित की गई हैं।



चित्र 4



चित्र 5



चित्र 6

चित्र 4, 5 और 6: सामान्यत उपयोग किए जाने वाले एंटीबायोटिक दवाओं की रासायनिक संरचना

3. विचार प्रस्तुति

वैज्ञानिकों के अनुसारए एंटीबायोटिक्स बैक्टीरिया की कोशिका भित्ति को नुकसान पहुंचाते हैंए प्रोटीन के संश्लेषण को रोकते हैं या बैक्टीरिया के गुणन को बाधित करते हैं। लेकिन दवाओं के लंबे समय तक या अत्यधिक उपयोग से बैक्टीरिया अनुकूलित हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दवा कम प्रभावी या कभी-कभी अप्रभावी हो जाती है। यह सही खुराक के महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।[19] चित्र-६ में यह दर्शाया गया है कि एंटीबायोटिक्स किस प्रकार जीवाणुओं पर आक्रमण करती हैं तथा उनकी वृद्धि और जीवन प्रक्रियाओं को बाधित करती हैं। चित्र-७ में एंटीबायोटिक दवाओं द्वारा जीवाणुओं पर क्रियाविधि दर्शाया गया है। अनेक नैदानिक वैज्ञानिकों और विशेषज्ञ समीक्षकों के अनुसार, एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग हमेशा किसी योग्य चिकित्सक द्वारा निर्धारित खुराक और अवधि के अनुसार ही किया जाना चाहिए। एंटीबायोटिक उपचार को सामान्यीकृत या मनमाने ढंग से निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उपचार की इष्टतम अवधि कई महत्वपूर्ण कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें संक्रमण का प्रकार और गंभीरता, रोग पैदा करने वाला सूक्ष्मजीव, रोगी की प्रतिरक्षा स्थिति और उपचार के प्रति नैदानिक प्रतिक्रिया शामिल हैं। जटिल संक्रमणों, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले रोगियों या उपचार में विलंबित प्रतिक्रिया के मामलों में, एंटीबायोटिक दवाओं का लंबा कोर्स चिकित्सकीय रूप से उचित हो सकता है। इसलिए, एंटीबायोटिक दवाओं का निर्धारण साक्ष्य-आधारित नैदानिक दिशानिर्देशों और पेशेवर चिकित्सा निर्णय द्वारा किया जाना चाहिए, जिससे अधिकतम चिकित्सीय प्रभावकारिता सुनिश्चित हो सके और साथ ही प्रतिकूल प्रभावों, प्रतिरोध विकास और एंटीबायोटिक दवाओं के अनुचित उपयोग से जुड़े दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया जा सके।[20]



चित्र 7: एंटीबायोटिक दवाओं द्वारा जीवाणुओं पर क्रियाविधि

4. उपसंहार

एंटीबायोटिक्स ने स्वास्थ्य सेवा को स्पष्ट रूप से बदल दिया है और बैक्टीरियल संक्रमणों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करके दुनिया भर में लाखों लोगों को नया जीवन दिया है। लेकिन यह लेख इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि एंटीबायोटिक्स का बार-बार और गलत उपयोग मानव शरीर पर प्रभाव डालता है। इसलिएए इसे केवल डॉक्टर की सलाह के बाद ही लिया जाना चाहिए और प्रिस्क्रिप्शन का पालन करना जरूरी है क्योंकि इसका उपयोग सही मात्रा और सीमित समय तक होना चाहिए। इन एंटीबायोटिक्स के गलत उपयोग को कम करने के लिए जन जागरूकता और चिकित्सा शिक्षा जैसे कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण हैं। आने वाले शोध का ध्यान सुरक्षित एंटीबायोटिक्स बनाने पर होना चाहिएए जिन्हें मरीज के अनुसार संशोधित किया जा सके ताकि हर मामले में मजबूत एंटीबायोटिक्स का उपयोग प्राथमिक विकल्प न हो। इससे एंटीबायोटिक प्रतिरोध कम होगा, साइड इफेक्ट्स जैसे किडनी और पेट की समस्याएं कम होंगी और उपचार अधिक प्रभावी होगा क्योंकि व्यक्तिगत दवा विचार विशेष व्यक्ति के लिए काम करेगा और इसलिए एंटीबायोटिक्स का प्रभाव भविष्य के लिए सुरक्षित रहेगा। इस शोध लेख का मुख्य संदेश मजबूत और स्पष्ट है, यानी एंटीबायोटिक्स एक नवीन और शक्तिशाली उपकरण हैं, यह ऐसी दवा नहीं है जिसे छोटे-मोटे समस्याओं में लिया जा सके। एंटीबायोटिक्स का नियंत्रित उपयोग आवश्यक है ताकि मानव स्वास्थ्य सुरक्षित रहे और एंटीबायोटिक्स का प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के लिए बना रहे।

5. कृतज्ञता ज्ञापन

लेखक इस शोध कार्य के लिए महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रबंधक द्वारा प्रदान की गई संस्थागत तथा प्रयोगशाला सुविधाओं हेतु हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। यह शोध कार्य उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदए लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा अनुसंधान परियोजना संख्या २२५९ के अंतर्गत वित्तपोषित है। लेखक परिषद द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए कृतज्ञ हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

[1] Rather IA, Kim BC, Bajpai VK, et al. Self-medication and antibiotic resistance: Crisis, current challenges, and prevention. Saudi J Biol Sci 2017;24:808–12. https://doi.org/10.1016/j.sjbs.2017.01.004.

[2] Kumar A, Raj M, Ladha N, et al. Patterns of antibiotic use and public awareness of antimicrobial resistance: A systematic review and meta-analysis. Int J Med Pharm Res 2025;6:964–969. https://doi.org/10.5281/zenodo.17847791.

[3] Li S, Liu J, Zhang X, et al. The Potential Impact of Antibiotic Exposure on the Microbiome and Human Health. Microorganisms 2025;13. https://doi.org/10.3390/microorganisms13030602.

[4] Queen J, Zhang J, Sears CL. Oral antibiotic use and chronic disease: long-term health impact beyond antimicrobial resistance and Clostridioides difficile. Gut Microbes 2020;11:1092–103. https://doi.org/10.1080/19490976.2019.1706425.

[5] Cusumano G, Flores GA, Venanzoni R, et al. The Impact of Antibiotic Therapy on Intestinal Microbiota: Dysbiosis, Antibiotic Resistance, and Restoration Strategies. Antibiotics 2025;14. https://doi.org/10.3390/antibiotics14040371.

[6] Han X, Qin Y, Guo J, et al. IgA Dysfunction Induced by Early-Lifetime Low-Dose Antibiotics Exposure Aggravates Diet–Induced Metabolic Syndrome. Antibiotics 2025;14. https://doi.org/10.3390/antibiotics14060574.

[7] Kalugendo E, Nazir A, Agarwal R. Assessment of azithromycin-induced toxicity in Caenorhabditis elegans: Effects on morphology, behavior, and lipid metabolism. Toxicol Rep 2024;13. https://doi.org/10.1016/j.toxrep.2024.101832.

[8] Junqi Z, Jie C, Jinglin W, et al. A retrospective study of the efficacy and safety of levofloxacin in children with severe infection. Front Pediatr 2024;12. https://doi.org/10.3389/fped.2024.1381742.

[9] B. L, Babu V. Rifampicin induced acute thrombocytopenia with skin rashes: a case report. International Journal of Advances in Medicine 2023;10:790–2. https://doi.org/10.18203/2349-3933.ijam20233210.

[10] Kumar V, Kalaiselvan V, Kumar A, et al. Cefixime-associated acute generalized exanthematous pustulosis: Rare cases in India. Indian J Pharmacol 2018;50:204–7. https://doi.org/10.4103/ijp.IJP_673_17.

[11] Gillies M, Ranakusuma A, Hoffmann T, et al. Common harms from amoxicillin: A systematic review and meta-analysis of randomized placebo-controlled trials for any indication. CMAJ 2015;187:E21–31. https://doi.org/10.1503/cmaj.140848.

[12] Hayward RS, Harding J, Molloy R, et al. Adverse effects of a single dose of gentamicin in adults: a systematic review. Br J Clin Pharmacol 2018;84:223–38. https://doi.org/10.1111/bcp.13439.

[13] Lahoud C, Al Achkar M, Habib T, et al. An unusual case of doxycycline-induced pancreatitis. Medical Reports 2025;13:100256. https://doi.org/10.1016/j.hmedic.2025.100256.

[14] Geurts S, Tilly MJ, Lu Z, et al. Antihypertensive Drugs for the Prevention of Atrial Fibrillation: A Drug Target Mendelian Randomization Study. Hypertension 2024;81:1766–75. https://doi.org/10.1161/HYPERTENSIONAHA.123.21858.

[15] Rodriguez-Ruiz JP, Lin Q, Van Heirstraeten L, et al. Long-term effects of ciprofloxacin treatment on the gastrointestinal and oropharyngeal microbiome are more pronounced after longer antibiotic courses. Int J Antimicrob Agents 2024;64. https://doi.org/10.1016/j.ijantimicag.2024.107259.

[16] Zou F, Cui Z, Lou S, et al. Adverse drug events associated with linezolid administration: a real-world pharmacovigilance study from 2004 to 2023 using the FAERS database. Front Pharmacol 2024;15. https://doi.org/10.3389/fphar.2024.1338902.

[17] Litvinov E, Litvinov A. Impact of Clindamycin on the Oral-Gut Axis: Gastrointestinal Side Effects and Clostridium difficile Infection in 45 Patients. Cureus 2024. https://doi.org/10.7759/cureus.75381.

[18] Murai Y, Nagaoka K, Iwanaga N, et al. Effects of extended anaerobic antibiotic coverage on anaerobic bloodstream infection: A multisite retrospective study. International Journal of Infectious Diseases 2025;153. https://doi.org/10.1016/j.ijid.2025.107840.

[19] Sun S. Emerging antibiotic resistance by various novel proteins/enzymes. European Journal of Clinical Microbiology and Infectious Diseases 2025;44:1551–66. https://doi.org/10.1007/s10096-025-05126-4.

[20] Mo Y, Tan WC, Cooper BS. Antibiotic duration for common bacterial infections—a systematic review. JAC Antimicrob Resist 2025;7. https://doi.org/10.1093/jacamr/dlae215.

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख (General Article)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.6

सौर कोशिकाएँ और उनकी नवीनतम प्रगति: स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक वैज्ञानिक अध्ययन

प्रियंका सिंह*
भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- priyankasonamsingh@gmail.com

आलेख प्राप्त: ०७ फरवरी २०२६; अंतिम संशोधन: १९ फरवरी २०२६; स्वीकृत: १९ फरवरी २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: १८ मार्च २०२६

सारांश

प्रस्तुत शोध पत्र सौर कोशिकाओं की भौतिकी, कार्य सिद्धांत, वर्गीकरण एवं नवीनतम प्रगति का व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करता है। इसमें पी-एन संधि, अवक्षय परत तथा फोटोवोल्टाइक प्रभाव की विस्तृत भौतिकी व्याख्या की गई है। सिलिकॉन आधारित प्रथम एवं द्वितीय पीढ़ी से लेकर पेरोव्स्काइट तथा टैंडम आधारित तृतीय एवं चौथी पीढ़ी तक की सौर कोशिकाओं का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। हालिया शोध में एकल संधि पेरोव्स्काइट कोशिकाओं की प्रमाणित दक्षता 27.0% तथा पेरोव्स्काइट-सिलिकॉन टैंडम कोशिकाओं की दक्षता 34.85% तक पहुँच चुकी है। सौर ऊर्जा के सामाजिक, पर्यावरणीय एवं आर्थिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया है।

सूचक शब्द – सौर कोशिका, फोटोवोल्टाइक प्रभाव, पी-एन संधि, अवक्षय परत, पेरोव्स्काइट, टैंडम सौर कोशिका, नवीकरणीय ऊर्जा

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख (General Article)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.6

Solar Cells and Their Latest Advances: A Scientific Study Towards Clean Energy

Priyanka Singh*
Department of Physics and Material Science, Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur, Uttar Pradesh, India – 273010
Corresponding author Email*: priyankasonam@gmail.com

Received on: 07 February 2026; Final Revision: 19 February 2026; Accepted: 19 February 2026
Published Online First on: 18 March 2026

ABSTRACT

This research paper presents a comprehensive scientific study of the physics, working principles, classification, and latest advances in solar cells. It includes a detailed physics explanation of the p-n junction, depletion layer, and photovoltaic effect. A comparative analysis of which solar cells from first-generation silicon-based to fourth-generation quantum dot and tandem technologies is presented. Recent research has achieved certified efficiencies of 27.0% for single-junction perovskite cells and 34.85% for perovskite-silicon tandem cells. The social, environmental, and economic significance of solar energy is also discussed.

Keywords – Solar cell, Photovoltaic effect, p-n junction, Depletion layer, Perovskite, Tandem solar cell, Renewable energy

1. प्रस्तावना

वर्तमान युग में बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और पर्यावरणीय असंतुलन ने मानव समाज के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न कर दी हैं। औद्योगीकरण, शहरीकरण तथा जनसंख्या वृद्धि के कारण ऊर्जा की माँग में निरन्तर वृद्धि हो रही है। अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency, IEA) के अनुमान के अनुसार विश्व की प्राथमिक ऊर्जा माँग 2040 तक लगभग 30 प्रतिशत बढ़ने की सम्भावना है [1]। परम्परागत ऊर्जा स्रोतों जैसे कोयला, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के अत्यधिक उपयोग से वायु प्रदूषण, ग्रीनहाउस प्रभाव तथा वैश्विक तापवृद्धि जैसी गम्भीर पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न हुई हैं। जीवाश्म ईंधनों के दहन से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2), मीथेन (CH_4) तथा नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O) जैसी ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो जलवायु परिवर्तन, ध्रुवीय हिमखण्डों के पिघलने तथा समुद्र स्तर में वृद्धि का प्रमुख कारण है [7]।

इन परिस्थितियों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का विकास अत्यन्त आवश्यक हो गया है। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल विद्युत, भू-तापीय ऊर्जा तथा जैव ऊर्जा प्रमुख हैं। इनमें सौर ऊर्जा सर्वाधिक प्रचुर एवं सुलभ स्रोत है — पृथ्वी की सतह पर प्रतिदिन लगभग 1.74×10^{17} वॉट सौर विकिरण प्राप्त होता है, जो सम्पूर्ण विश्व की वर्तमान ऊर्जा खपत से लगभग 10,000 गुना अधिक है [1]। सौर ऊर्जा इस दिशा में एक स्वच्छ, सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा स्रोत के रूप में उभरकर सामने आई है।

सौर कोशिकाएँ (Solar Cells) अर्धचालक आधारित ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हैं जो सूर्य के प्रकाश को फोटोवोल्टाइक प्रभाव (Photovoltaic Effect) के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करती हैं। इस प्रभाव की खोज सर्वप्रथम 1839 में फ्रांसीसी भौतिकविद् एडमण्ड बैक्वेरल (Edmond Becquerel) ने की थी, जब उन्होंने प्रकाश के प्रभाव में विद्युत अपघट्य विलयन में विद्युत वाहक बल उत्पन्न होते देखा। तत्पश्चात् 1954 में बेल प्रयोगशाला (Bell Laboratories) के वैज्ञानिकों चैपिन, फुलर तथा पियर्सन (Chapin, Fuller and Pearson) ने प्रथम व्यावहारिक सिलिकॉन सौर कोशिका का निर्माण किया, जिसकी दक्षता लगभग 6 प्रतिशत थी [2]। तब से लेकर आज तक सौर कोशिका प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व प्रगति हुई है और आधुनिक एकल संधि (single junction) सिलिकॉन कोशिकाओं की दक्षता 27 प्रतिशत से अधिक तथा पेरोव्स्काइट-सिलिकॉन टैंडम कोशिकाओं की दक्षता 34.85 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है [4, 10]।

भारत जैसे उष्णकटिबन्धीय देश के लिए सौर ऊर्जा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को वर्ष में औसतन 300 से अधिक दिन प्रचुर सूर्य प्रकाश प्राप्त होता है तथा अधिकांश भू-भाग पर 4-7 kWh/m²/दिन सौर विकिरण उपलब्ध होता है [8]। भारत सरकार के राष्ट्रीय सौर मिशन (National Solar Mission) के अन्तर्गत 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें सौर ऊर्जा की प्रमुख भूमिका है [8]। इस सन्दर्भ में सौर कोशिकाओं की भौतिकी, कार्य सिद्धान्त, विभिन्न प्रकारों तथा नवीनतम वैज्ञानिक प्रगति का अध्ययन अत्यन्त प्रासंगिक एवं आवश्यक है।

प्रस्तुत शोध पत्र में सौर कोशिकाओं के मूलभूत भौतिकी सिद्धान्तों - पी-एन संधि (p-n junction), अवक्षय परत (depletion layer) तथा फोटोवोल्टाइक प्रभाव - की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की गई है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की सौर कोशिकाओं का तुलनात्मक विश्लेषण, पेरोव्स्काइट एवं टैंडम कोशिकाओं में हालिया प्रगति, तथा सौर ऊर्जा के सामाजिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई है। हिन्दी भाषा में इस विषय पर वैज्ञानिक लेखन का उद्देश्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को समाज के व्यापक वर्ग तक सुलभ बनाना है।

2. सौर कोशिका की भौतिकी

सौर कोशिकाओं का कार्य अर्धचालक भौतिकी के मूलभूत सिद्धान्तों पर आधारित है। इसे समझने के लिए पी-एन संधि (p-n junction), अवक्षय परत (depletion layer) तथा फोटोवोल्टाइक प्रभाव (photovoltaic effect) की विस्तृत भौतिकी को जानना आवश्यक है ।

2.1 पी-एन संधि (p-n Junction)

जब एक पी-प्रकार (p-type) अर्धचालक तथा एक एन-प्रकार (n-type) अर्धचालक को परस्पर संयोजित किया जाता है, तो उनके संगम पर एक पी-एन संधि (p-n junction) का निर्माण होता है (चित्र1)। पी-प्रकार अर्धचालक में होल (holes) बहुसंख्यक आवेश वाहक होते हैं, जबकि एन-प्रकार अर्धचालक में इलेक्ट्रॉन (electrons) बहुसंख्यक वाहक होते हैं। संधि निर्माण के तुरन्त पश्चात् इलेक्ट्रॉन एन-क्षेत्र से पी-क्षेत्र की ओर तथा होल पी-क्षेत्र से एन-क्षेत्र की ओर विसरित (diffuse) होते हैं। इस विसरण प्रक्रिया के कारण संधि के निकट एक आवेश-मुक्त क्षेत्र बनता है, जिसे अवक्षय परत कहते हैं [2]।



चित्र 1: पी-एन संधि की संरचना: पी-प्रकार (लाल) एवं एन-प्रकार (नीला) अर्धचालक क्षेत्र, अवक्षय परत (पीला छायांकित), होल (+) एवं इलेक्ट्रॉन (−) वाहक, तथा आन्तरिक विद्युत क्षेत्र की दिशा दर्शायी गई है। *(स्व-रचित आरेख)*

2.2 अवक्षय परत (Depletion Layer)

अवक्षय परत पी-एन संधि का सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जब इलेक्ट्रॉन एवं होल संधि पर पुनर्संयोजित (recombine) होते हैं, तो वे स्थिर आयन छोड़ जाते हैं — एन-पक्ष पर धनात्मक दाता आयन तथा पी-पक्ष पर ऋणात्मक ग्राही आयन। ये स्थिर आवेश एक आन्तरिक विद्युत क्षेत्र (built-in electric field, E) उत्पन्न करते हैं, जो एन-क्षेत्र से पी-क्षेत्र की ओर निर्देशित होता है। यह विद्युत क्षेत्र आगे विसरण को रोकता है और एक साम्यावस्था स्थापित करता है। अवक्षय परत की चौड़ाई (W) बाह्य वोल्टेज, अपमिश्रण सांद्रता एवं अर्धचालक के परावैद्युतांक पर निर्भर करती है। विशिष्ट सिलिकॉन सौर कोशिकाओं में इसकी चौड़ाई लगभग 0.1-1 μm होती है। इस क्षेत्र में उत्पन्न विभवान्तर को अन्तर्निर्मित विभव (built-in potential, V_{bi}) कहते हैं, जो सिलिकॉन पी-एन संधि के लिए सामान्यतः 0.6-0.7 V होता है [2]।

2.3 फोटोवोल्टाइक प्रभाव (Photovoltaic Effect)

फोटोवोल्टाइक प्रभाव सौर कोशिकाओं के कार्य का मूल सिद्धान्त है (चित्र 2)। जब सूर्य का प्रकाश सौर कोशिका की सतह पर पड़ता है, तो जिन फोटॉनों की ऊर्जा अर्धचालक के बैंड गैप (Eg) से अधिक या बराबर होती है अर्थात् $h\nu \geq E_g$, वे संयोजकता बैंड (valence band) से इलेक्ट्रॉनों को चालन बैंड (conduction band) में उत्तेजित करते हैं। इस प्रक्रिया से इलेक्ट्रॉन-होल युग्म (electron-hole pair) उत्पन्न होते हैं। अवक्षय क्षेत्र का आन्तरिक विद्युत क्षेत्र इन उत्पन्न आवेश वाहकों को पृथक करता है — इलेक्ट्रॉन एन-क्षेत्र की ओर तथा होल पी-क्षेत्र की ओर प्रवाहित होते हैं। यदि बाह्य परिपथ जोड़ा जाए तो ये पृथक आवेश वाहक विद्युत धारा उत्पन्न करते हैं [2]।



चित्र 2: पी-एन संधि का ऊर्जा बैंड आरेख: चालन बैंड (Ec, नीला), संयोजकता बैंड (Ev, लाल), फर्मी स्तर (Ef, हरा), बैंड गैप (Eg), अवक्षय क्षेत्र (पीला छायांकित), तथा फोटॉन (hν) अवशोषण से इलेक्ट्रॉन-होल युग्म उत्पादन की प्रक्रिया दर्शायी गई है। *(स्व-रचित आरेख)*

2.4 सौर कोशिका की संरचना

एक प्रारूपिक सौर कोशिका में कई परतें होती हैं (चित्र 3): (*i*) परावर्तन-रोधी लेपन (Anti-Reflection Coating, ARC) जो प्रकाश के परावर्तन को न्यूनतम करता है; (*ii*) एन-प्रकार अर्धचालक (उत्सर्जक परत); (*iii*) पी-एन संधि एवं अवक्षय परत जहाँ आवेश पृथक्करण होता है; (*iv*) पी-प्रकार अर्धचालक (आधार परत); तथा (*v*) पश्च एवं अग्र धात्विक संपर्क (electrodes) जो विद्युत धारा के संग्रहण एवं बाह्य परिपथ से संयोजन हेतु आवश्यक हैं। सिलिकॉन का बैंड गैप 1.12 eV है, जो सौर वर्णक्रम के एक विस्तृत भाग को अवशोषित करने में सक्षम है [2]।



चित्र 3: सौर कोशिका की परतीय संरचना: परावर्तन-रोधी लेपन (ARC), एन-प्रकार अर्धचालक, पी-एन संधि (अवक्षय परत), पी-प्रकार अर्धचालक, पश्च संपर्क, अग्र संपर्क ग्रिड, बाह्य भार (R), तथा विद्युत धारा (I) का प्रवाह पथ दर्शाया गया है। *(स्व-रचित आरेख)*

3. सौर कोशिकाओं के प्रकार

चित्र 4: एकल क्रिस्टलीय (monocrystalline) एवं बहुक्रिस्टलीय (polycrystalline) सौर पैनलों की संरचना एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग। एकल क्रिस्टलीय पैनल 22-27% तथा बहुक्रिस्टलीय पैनल 18-23% तक दक्षता प्रदान करते हैं [3]।

चित्र 5: पतली परत (thin-film) तथा लचीली सौर कोशिकाओं का आधुनिक तकनीकी स्वरूप। इनमें CdTe, CIGS तथा अमोर्फस सिलिकॉन (a-Si) की 1-2 μm मोटी परतें प्रयुक्त होती हैं [3]।

वर्तमान में सर्वाधिक प्रचलित सौर कोशिकाएँ सिलिकॉन आधारित हैं, जिनमें एकल क्रिस्टलीय तथा बहुक्रिस्टलीय कोशिकाएँ प्रमुख हैं (चित्र 4)। एकल क्रिस्टलीय कोशिकाएँ उच्च दक्षता प्रदान करती हैं, जबकि बहुक्रिस्टलीय कोशिकाएँ कम लागत के कारण अधिक लोकप्रिय हैं। इसके अतिरिक्त पतली परत सौर कोशिकाएँ जैसे CdTe, CIGS तथा अमोर्फस सिलिकॉन आधारित कोशिकाएँ भी विकसित की गई हैं (चित्र 5) [3]। सारणी 1 में विभिन्न प्रकार की सौर कोशिकाओं की दक्षता, लागत, सामग्री एवं अनुप्रयोगों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है।

सारणी 1: विभिन्न प्रकार की सौर कोशिकाओं का तुलनात्मक विश्लेषण

सौर कोशिका प्रकार	प्रमुख सामग्री	दक्षता (%)	सापेक्ष लागत	प्रमुख अनुप्रयोग
एकल क्रिस्टलीय Si	c-Si (Czochralski)	22-27%	उच्च	आवासीय छत, अन्तरिक्ष
बहुक्रिस्टलीय Si	mc-Si	18-23%	मध्यम	बड़े सौर संयन्त्र
CdTe पतली परत	CdTe/CdS	18-22%	निम्न-मध्यम	उपयोगिता-स्तरीय संयन्त्र
CIGS पतली परत	$Cu(In,Ga)Se_2$	20-23%	मध्यम	लचीले पैनल, BIPV
अमोर्फस सिलिकॉन	a-Si:H	6-12%	निम्न	कैलकुलेटर, भवन एकीकरण
पेरोव्स्काइट	$CH_3NH_3PbI_3$	26-27%	अति निम्न (सम्भावित)	अगली पीढ़ी, टैंडम
पेरोव्स्काइट-Si टैंडम	पेरोव्स्काइट/c-Si	33-34.9%	शोध चरण	अति उच्च दक्षता प्रणाली
ऑर्गेनिक (OPV)	पॉलिमर/फुलरीन	15-20%	निम्न	पहनने योग्य, IoT उपकरण

नोट: दक्षता मान NREL (2025) प्रमाणित प्रयोगशाला परिणामों पर आधारित हैं। व्यावसायिक मॉड्यूल दक्षता सामान्यतः 3-5% कम होती है।

4. सौर कोशिकाओं का ऐतिहासिक विकास एवं पीढ़ीकरण

सौर कोशिकाओं का विकास वैज्ञानिक अनुसन्धान, सामग्री विज्ञान एवं अर्धचालक प्रौद्योगिकी की प्रगति के साथ जुड़ा हुआ है। तकनीकी उन्नति के

4.1 पीढ़ियों की तुलनात्मक सारणी

आधार पर सौर कोशिकाओं को चार प्रमुख पीढ़ियों में वर्गीकृत किया जाता है [4]

विशेषता	प्रथम पीढ़ी	द्वितीय पीढ़ी	तृतीय पीढ़ी	चौथी पीढ़ी
सामग्री	क्रिस्टलीय सिलिकॉन	CdTe, CIGS, a-Si	पेरोव्स्काइट, ऑर्गेनिक	क्वांटम डॉट, टैंडम
दक्षता	15-22%	10-15%	>25%	>40% (सैद्धान्तिक)
लागत	उच्च	मध्यम	निम्न	शोध चरण
स्थिरता	उत्कृष्ट (>25 वर्ष)	अच्छी (20-25 वर्ष)	विकासाधीन	प्रयोगशाला चरण
मुख्य लाभ	सिद्ध तकनीक, विश्वसनीय	लचीली, हल्की	उच्च दक्षता, सरल निर्माण	अति उच्च दक्षता सम्भावित
मुख्य सीमाएँ	उच्च लागत, भारी	कम दक्षता	स्थिरता समस्या	जटिल निर्माण

सारणी 2: सौर कोशिकाओं की पीढ़ीवार तुलना



चित्र 6: सौर कोशिकाओं की चार पीढ़ियों का तुलनात्मक विश्लेषण: प्रथम पीढ़ी (c-Si, 15-22%) से चौथी पीढ़ी (क्वांटम डॉट/टैंडम, सैद्धान्तिक >40%) तक का विकास क्रम [4]।

5. सौर कोशिकाओं में हालिया प्रगति



चित्र 7: प्रयोगशाला में निर्मित पेरोव्स्काइट सौर कोशिका की सूक्ष्म संरचना। पेरोव्स्काइट कोशिकाओं में ABX_3 क्रिस्टल संरचना (जहाँ $A = CH_3NH_3^+/Cs^+$, $B = Pb^{2+}/Sn^{2+}$, $X = I^-/Br^-/Cl^-$) का उपयोग प्रकाश अवशोषक परत के रूप में किया जाता है। इनका बैंड गैप (1.2-2.3 eV) समायोज्य होता है [9]



चित्र 8: पेरोव्स्काइट-सिलिकॉन टैंडम एवं पारदर्शी सौर कोशिकाओं का उन्नत मॉडल। टैंडम संरचना में ऊपरी पेरोव्स्काइट परत (~1.7 eV) उच्च ऊर्जा फोटॉन अवशोषित करती है, जबकि निचली सिलिकॉन परत (~1.1 eV) अवरक्त प्रकाश का उपयोग करती है [5, 10]

हाल के वर्षों में सौर प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पेरोव्स्काइट आधारित सौर कोशिकाएँ अपनी उच्च दक्षता और कम लागत के कारण विशेष रूप से शोध का केन्द्र बनी हुई हैं। 2025 तक एकल संधि पेरोव्स्काइट सौर कोशिकाओं की प्रमाणित दक्षता 27.0% तक पहुँच चुकी है, जो चीन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (USTC) द्वारा प्राप्त की गई तथा NREL द्वारा प्रमाणित है [9]।

टैंडम सौर कोशिकाओं के क्षेत्र में और भी प्रभावशाली प्रगति हुई है। चीनी कम्पनी LONGi ने अप्रैल 2025 में पेरोव्स्काइट-सिलिकॉन टैंडम सौर कोशिका के लिए 34.85% दक्षता का नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया, जो NREL द्वारा प्रमाणित है [10]। यह उपलब्धि एकल संधि सिलिकॉन कोशिकाओं की शॉकले-क्वाइसर सैद्धान्तिक सीमा (~33.7%) को पार करती है। लचीली पेरोव्स्काइट-सिलिकॉन टैंडम कोशिकाओं में भी 33.6% दक्षता प्राप्त की गई है [11]।

व्यावसायीकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यूके स्थित Oxford PV ने 24.5% दक्षता वाले टैंडम पैनलों का वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ किया है, जबकि कोरियाई कम्पनी Qcells ने बड़े पैमाने पर निर्माण योग्य टैंडम कोशिका में 28.6% दक्षता हासिल की है [12] । नैनोप्रौद्योगिकी, मशीन लर्निंग सहायित सामग्री अन्वेषण, एवं हरित विलायकों के उपयोग से भी सौर कोशिकाओं की कार्यक्षमता तथा स्थायित्व में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है । [6, 13]

6. सामाजिक एवं पर्यावरणीय महत्व

सौर ऊर्जा का सामाजिक एवं पर्यावरणीय महत्व अत्यन्त व्यापक है। इसके उपयोग से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आती है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या को नियन्त्रित किया जा सकता है। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सौर ऊर्जा द्वारा बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संचार सुविधाओं में सुधार होता है [7]। इसके अतिरिक्त सौर उद्योग रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास में भी सहायक सिद्ध हो रहा है।

7. भविष्य की सम्भावनाएँ

भविष्य में सौर कोशिकाओं की दक्षता, स्थिरता एवं लागत में और सुधार की सम्भावनाएँ हैं। सामग्री विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा ऊर्जा भण्डारण तकनीकों के समन्वय से सौर प्रणालियाँ अधिक स्मार्ट एवं विश्वसनीय बनेंगी। आने वाले वर्षों में सौर ऊर्जा स्मार्ट ग्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ एकीकृत होकर एक समग्र ऊर्जा समाधान के रूप में विकसित होगी।

8. निष्कर्ष

सौर कोशिकाएँ स्वच्छ, सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा उत्पादन का एक सशक्त माध्यम हैं। हालिया वैज्ञानिक प्रगति ने इस क्षेत्र को अधिक प्रभावी एवं व्यावहारिक बना दिया है। निरन्तर अनुसन्धान एवं नवाचार से सौर ऊर्जा भविष्य की प्रमुख ऊर्जा स्रोत बन सकती है। हिन्दी में इस विषय पर वैज्ञानिक लेखन विज्ञान को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

1. Green, M. A., Dunlop, E. D., Yoshita, M., Kopidakis, N., Bothe, K., Siefer, G., Hinken, D., Rauer, M., Hohl-Ebinger, J., & Hao, X. (2024). Solar cell efficiency tables (Version 64). *Progress in Photovoltaics: Research and Applications, 32*(7), 425–441. https://doi.org/10.1002/pip.3831
2. Tao, M. (2014). Physics of Solar Cells. In: Terawatt Solar Photovoltaics. SpringerBriefs in Applied Sciences and Technology. Springer, London. https://doi.org/10.1007/978-1-4471-5643-7_3
3. Verma, P. K. (2020). *Solar energy technology* (1st ed.). Pune, India: Technical Publications (Photovoltaic Solar Energy Conversion | ScienceDirect).
4. National Renewable Energy Laboratory. (2025). *Best research-cell efficiencies chart*. U.S. Department of Energy. https://www.nrel.gov/pv/cell-efficiency.html
5. Khanna, M. K., Malik, S., Kumar, H., & Suruchi. (2023). *Indian solar panel initiatives in reducing carbon dioxide emissions.* Energy and Power Engineering, 15, 191–203. https://doi.org/10.4236/epe.2023.154009
6. Parmar, K., & Bhande, R. (2022). Future of nanotechnology in solar energy and hydrogen energy. *Journal of Energy Research and Reviews, 10*(2), 61–70. DOI: https://doi.org/10.9734/jenrr/2022/v10i230254
7. Indian Renewable Energy Development Agency Limited. (2023). *Annual report 2022–23*. IREDA. (AnnualReport23withcovering.pdf)
8. Ministry of New and Renewable Energy. (2022). *National solar mission report*. Government of India. (https://mnre.gov.in/file-manager/UserFiles/mission_document_JNNSM.pdf)
9. Green, M. A. et al., (2024). Solar cell efficiency tables (Version 64). Progress in Photovoltaics: Research and Applications, 32(7), 425–441. https://doi.org/10.1002/pip.3831
10. LONGi Solar. (2025). Perovskite–silicon tandem solar cell world record efficiency of 34.85% (NREL certified). LONGi Green Energy Technology Co.., https://www.longi.com/en/news/silicon-perovskite-tandem-solar-cells-new-world-efficiency/
11. Bush, K. A. et al., M. D. (2025). Flexible perovskite/silicon tandem solar cells with high efficiency. *Nature Energy, 2*, 17009. https://doi.org/10.1038/nenergy.2017.9
12. Hanwha Qcells. (2024). *Large-area perovskite-silicon tandem solar cell with 28.6% efficiency record,* Qcells Research. Oxford PV. (2024). *Commercial tandem solar panel shipments.* Oxford PV Ltd, Hanwha Qcells sets record in tandem solar cell efficiency
13. Zhang, K., et al. (2025). Key advancements and emerging trends of perovskite solar cells in 2024–2025**.** *Nano-Micro Letters, 18*, Article 209, https://doi.org/10.1007/s40820-025-02022-6

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख- प्रौद्योगिकी (General Article-Technology)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.10

उच्च-संवेदनशील सेंसिंग अनुप्रयोगों के लिए फोटोनिक टाइम क्रिस्टल: एक समालोचनात्मक समीक्षा

प्रतिष्ठा पांडेय[1]*, डी.के. द्विवेदी
फोटोनिक्स एवं फोटोवोल्टाइक अनुसंधान प्रयोगशाला
भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग मोहन,मदन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, भारत–273010
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- pandeypratishtha18@gmail.com

आलेख प्राप्त: ०४ फरवरी २०२६; अंतिम संशोधन: १९ फरवरी २०२६; स्वीकृत: २० फरवरी २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: १८ मार्च २०२६

सारांश

फोटोनिक टाइम क्रिस्टल समय-आधारित आवधिक फोटोनिक प्रणालियों की एक नवीन श्रेणी हैं जिनमें माध्यम के भौतिक गुण, विशेषकर अपवर्तनांक या पारगम्यता समय के साथ आवधिक रूप से परिवर्तित होते हैं। पारंपरिक स्थानिक फोटोनिक क्रिस्टलों के विपरीत फोटोनिक टाइम क्रिस्टल फ्रीक्वेंसी बैंडगैप, नॉन-हर्मिशियन गतिकी तथा असाधारण बिंदुओं की उपस्थिति प्रदर्शित करते हैं। हाल के अध्ययनों से यह सिद्ध हुआ है कि ये अद्वितीय गुण अत्यधिक संवेदनशील फोटोनिक सेंसिंग के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और पारंपरिक रेज़ोनेटर-आधारित सेंसर्स की सीमाओं को पार कर सकते हैं। यह लेख फोटोनिक टाइम क्रिस्टल आधारित सेंसिंग की सैद्धांतिक नींव भौतिक तंत्र हालिया प्रगति तथा भविष्य की संभावनाओं का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

मुख्य शब्द: फोटोनिक टाइम क्रिस्टल; समयीय माड्यूलेटेड माध्यम; नॉन-हर्मिशियन फोटोनिक्स; असाधारण बिंदु; फ्लोके बैंड संरचना; अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण

खंड १, अंक १, जनवरी–२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 1, Issue 1, January-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख- प्रौद्योगिकी (General Article-Technology)

DOI: 10.66346/ev.v1i1.2026.10

Photonic Time Crystals for High-Sensitivity Sensing Applications: A Critical Review

Pratishtha Pandey*, D. K. Dwivedi
Photonics and Photovoltaic Research Laboratory (PPRL)
Department of Physics and Materials Science
